वर्ष 24, अंक 185, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 13 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'आपकी सफलता ही भारत की सफलता'- मोदी

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 के समापन सत्र में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का भी दौरा किया और युवा नेताओं से बातचीत कर उनके नवाचारों और विचारों से अवगत हुए। वहीं, अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि साल 1947 में जब हमारी आजादी के 100 साल होंगे, वहां तक की यात्रा भारत के लिए अहम है और यही वो समय है, जो आपके जीवन में भी सबसे महत्वपूर्ण है। आपका सामर्थ्य भारत का सामर्थ्य बनेगा, आपकी सफलता भारत की सफलता को नई ऊंचाइयां जरूर देगी। मैं आप सभी को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में सहभागिता के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं।



मोदी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को हम स्वामी विवेकानंद के सम्मान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं, जिनका जीवन और शिक्षाएँ हमें लगातार प्रेरित करती रहती हैं। उनसे प्रेरणा लेकर ही विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद की स्थापना की गई थी। अल्प समय में ही यह एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है जहाँ युवा राष्ट्र की दिशा तय करने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार, आज भी हर युवा के लिए प्रेरणा हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है, कैसे हम नेशन फर्स्ट की भावना से जीवन जिएं, हमारे हर प्रयास में समाज का, देश का हित हो, इस दिशा में स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हम सब के लिए बहुत बड़ा मार्गदर्शक है, प्रेरक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि बहुत कम समय में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग इतना बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। एक ऐसा प्लेटफॉर्म, जहां देश की विकास की दिशा तय करने में युवाओं की सीधी भागीदारी होती है। करोड़ों नौजवानों का इससे जुड़ना, देश के विकास के लिए अपने विचार शेयर करना... ये अपनेआप में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप संस्कृति का उदय वैश्विक स्तर पर लगभग 50-60 वर्ष पूर्व हुआ और समय के साथ यह बड़े निगमों के प्रभुत्व वाले युग में परिवर्तित हो गई। हालांकि, इस पूरे दौर में भारत में स्टार्टअप की अवधारणा पर नगण्य ध्यान दिया गया। 2014 तक देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे। स्टार्टअप संस्कृति के अभाव में, सरकारी हस्तक्षेप व्यापक था, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के सीमित अवसर मिले।

मोदी ने कहा कि अपने युवाओं की प्रतिभा को पहचानते हुए, हमने एक नया दृष्टिकोण अपनाया। युवाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सरकार ने नई योजनाएं शुरू कीं, जिन्होंने भारत में स्टार्टअप क्रांति को गति प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यविकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉगह्व में कहा कि भारत की ह्यजेनरेशन जेडह्व रचनात्मकता से भरपूर है। उन्होंने कहा कि कहा कि नवोन्मेषी विचारों, ऊर्जा और उद्देश्य के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि मुझे अपने देश के युवाओं पर भरोसा है, आपके सामर्थ्य पर भरोसा है, इसलिए हमने एक अलग राह चुनी। हमने युवाओं को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक नई स्कीम्स बनाई... यहीं से स्टार्टअप क्रांति ने भारत में असली गति पकड़ी।

## महाराष्ट्रः लाडकी बहिनों के खाते में पैसे डालने पर लगाई रोक

### चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

**महाराष्ट्र**

**चुनाव** आयोग ने महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनावों के मतदान के एक दिन पहले लाडकी बहिनों के खाते में पैसे डालने पर रोक लगा दी है. राज्य की 29 महानगरपालिका चुनावों की पृष्ठभूमि में राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण ह्यलाडकी बहिन योजनाह्व का नियमित या लंबित लाभ दिया जा सकता है, लेकिन जनवरी महीने का लाभ अग्रिम रूप में देने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने रोक लगा दी है. 15 जनवरी को महाराष्ट्र में महानगरपालिका के चुनाव होने हैं.

सरकार के फैसले पर मांगा था स्पष्टीकरण

'लाडकी बहिनों को मकर संक्रांति का बड़ा तोहफा! 14 जनवरी से पहले लाडकी बहनों के खातों में दिसंबर और जनवरी माह के तीन हजार रुपये जमा होंगे', इस आशय की खबरों के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग को विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई थीं. इन शिकायतों के संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के लिए आयोग ने ह्यलाडकी बहिन योजना' को लेकर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश मुख्य सचिव को दिए थे.




अग्रिम रूप में लाभ नहीं दिया जा सकता- चुनाव आयोग

मुख्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने 4 नवंबर 2025 को स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के आम चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता से संबंधित समेकित आदेश जारी किए हैं. इन आदेशों के अनुसार, चुनाव की घोषणा से पहले शुरू की गई विकास परियोजनाओं और योजनाओं को आचार संहिता की अवधि में जारी रखने की अनुमति है. इस पृष्ठभूमि में राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि योजना का नियमित लाभ दिया जा सकता है, लेकिन अग्रिम रूप में लाभ नहीं दिया जाएगा. साथ ही, इस अवधि में नए लाभार्थियों का चयन भी नहीं किया जा सकेगा.

क्या है लाडकी बहिन योजना?

लाडकी बहिन योजना राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसके तहत पात्र महिलाओं को 1500 रुपये की मासिक सहायता मिलती है. इस योजना को 2024 के विधानसभा चुनावों में महायुति की जीत का श्रेय दिया जाता है. पिछले सप्ताह ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में बीजेपी नेता और राज्य के मंत्री गिरीज महाजन ने कहा था कि दिसंबर और जनवरी की किस्तों को मिलाकर 3000 रुपये की सहायता राशि मकर संक्रांति से पहले पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी. उन्होंने इसे मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की ओर से विशेष उपहार करार दिया था।

## अपने घर में मैच से मिली ट्रॉफी नहीं रखते हैं विराट

**नई दिल्ली**

विराट कोहली की उम्र बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही वो रिकॉर्ड्स तोड़ने की रफ्तार भी बढ़ाते जा रहे हैं. वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में उन्होंने 28,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं. 11 जनवरी को खेले गए इस मैच में विराट कोहली ने 93 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया. इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले खेलते हुए 300 रन बनाए थे. जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवरों में 4 विकेट शेष रहते जीत प्राप्त की थी।

**दिल्ली AIIMS में कराया गया भर्ती**

## वॉशरूम में दो बार बेहोश हुए पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप

**नई दिल्ली**

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. उन्हें दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है. जगदीप धनखड़ 74 साल के हैं और पहले भी उनकी तबीयत कई मौकों पर खराब हो चुकी है.

अधिकारियों ने बताया कि 10 जनवरी को धनखड़ को वॉशरूम में दो बार बेहोशी का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स ले जाया गया.



डॉक्टर्स ने जगदीप धनखड़ को जांच के लिए भर्ती करने की सलाह दी. इसके साथ ही उनका एमआरआई भी कराने को कहा गया है.

कब-कब बेहोश हुए जगदीप धनखड़?

जगदीप धनखड़ पहले भी कई बार बेहोश हो चुके हैं, जिनमें कच्छ का रण, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली की घटनाएं शामिल हैं. इन जगहों पर वह उपराष्ट्रपति के रूप में सार्वजनिक कार्यक्रमों में गए थे. उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा भी दे दिया था.

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था. बतौर राज्यसभा के सभापति दिन में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया था।

## मजबूत डोर से बँधे भारत-जर्मनी रिश्तों ने भरी नई उड़ान,

### मोदी और मर्ज की वार्ता से मिली यूरोप की एशिया नीति को नई दिशा

**अहमदाबाद**

**अहमदाबाद** की ठंडी सुबह जब साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज नतमस्तक हुए, तभी स्पष्ट हो गया था कि यह दौरा गहरे रणनीतिक संकेत देने वाला है। जर्मन चांसलर की यह यात्रा भारत जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्षों को एक नई दिशा देने वाली साबित हुई।

गांधी आश्रम में श्रद्धांजलि के बाद दोनों नेता साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे, जहां अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 का उद्घाटन हुआ। खुले वाहन में साथ बैठकर मोदी और मर्ज का शहर भ्रमण और फिर पतंग उड़ाना प्रतीकों से भरा दृश्य था। यह सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ साथ राजनीतिक संदेश भी था कि भारत और जर्मनी केवल सम्मेलन कक्षों में नहीं बल्कि जनता और परंपराओं के बीच भी साझेदारी को जीना चाहते हैं।



वहीं गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में हुई औपचारिक वार्ता में दोनों देशों ने व्यापक संयुक्त बयान जारी किया।

इसमें रक्षा और सुरक्षा सहयोग को नई मजबूती देने, आतंकवाद से निपटने, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, हाइड्रोजन मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल विकास और उच्च शिक्षा में सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।

## किसान आत्महत्या मामले में एसएसपी का एक्शन, थानाध्यक्ष और दारोगा निलंबित

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले में पुलिस की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने सख्त कदम उठाए हैं. मामले की प्रारंभिक जांच में उदासीनता और कर्तव्य में चूक पाए जाने पर आईटीआई थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला और दरोगा प्रकाश बिष्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. इसके साथ ही पैगा चौकी के सभी पुलिसकर्मियों



को लाइन हाजिर भी किया गया है.

पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने की आत्महत्या

एसएसपी के आदेश पर की गई आंतरिक जांच में यह निष्कर्ष निकला कि सुखवंत सिंह की शिकायतों और आरोपों को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया. वहीं पुलिस स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई न होने के कारण पीड़ित मानसिक दबाव में रहा, जो अंततः इस दुखद घटना का कारण बना. इसे पुलिस विभाग की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता माना गया है.

प्रकरण में पैगा चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार, एएसआई सोमवीर सिंह, सहित सिपाही दिनेश तिवारी, भूपेंद्र सिंह, शेखर बनकोटी, सुरेश चंद्र, योगेश चौधरी, राजेंद्र गिरी, दीपक प्रसाद और संजय कुमार को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## उठा लुंगी बजा पुंगी वाले नारे पर मचा सियासी घमासान

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** की राजनीति में एक बार फिर भाषा और पहचान को लेकर विवाद तेज हो गया है। हम आपको बता दें कि तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के बीच तीखी बयानबाजी सामने आई है। मामला तब गरमाया जब राज ठाकरे ने एक सार्वजनिक रैली में अन्नामलाई को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए उन्हें रस मलाई कहा और यह सवाल उठाया कि तमिलनाडु से आए व्यक्ति का महाराष्ट्र की राजनीति से क्या लेना देना है।

राज ठाकरे ने इस दौरान पुराने क्षेत्रीय नारों का भी संदर्भ दिया और यह संकेत देने की कोशिश की कि महाराष्ट्र में बाहरी लोगों का दबदबा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र मराठी लोगों की मेहनत से खड़े हुए हैं और यहां किसी भी तरह की भाषा थोपने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इसे मराठी अस्मिता का सवाल बताया और मुंबई महानगरपालिका चुनाव को मराठी समाज के लिए निर्णायक बताया। राज ठाकरे ने उठा लुंगी बजा पुंगी नारा भी लगवाया जिससे माहौल गर्मा गया।



इसके जवाब में के. अन्नामलाई ने बेहद आक्रामक और आत्मविश्वास से भरा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर मुंबई आने पर उन्हें धमकाया जाएगा या उनके साथ हिंसा की बात की जाएगी तो वह इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने साफ कहा कि अगर डर ही उनका स्वभाव होता तो वह सार्वजनिक जीवन में आते ही नहीं। अन्नामलाई ने यह सवाल भी उठाया कि अगर भारत एक है तो फिर किसी नेता को उत्तर भारतीय या दक्षिण भारतीय जैसे शब्दों में लोगों को बांटने का अधिकार किसने दिया।

उन्होंने कहा कि देश के हर कोने के लोग मुंबई में मेहनत करते हैं और शहर की प्रगति में योगदान देते हैं। इस बयानबाजी के बाद राजनीतिक माहौल और ज्यादा गरमा गया है और यह साफ हो गया है कि चुनावों में भाषा और पहचान एक बड़ा मुद्दा बनने वाला है।

## 'सपा के टच मे हैं केशव प्रसाद मौर्य', सांसद वीरेंद्र सिंह के बयान पर डिप्टी सीएम क्या बोले?

**चंदौली**

**समाजवादी** पार्टी के चंदौली से सांसद वीरेंद्र सिंह के उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सपा के संपर्क में होने वाले बयान पर सियासत गरमा गई है, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस मामले पर बयान दिया है. उन्नाव दौरे पर पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य ने सपा सांसद वीरेंद्र सिंह के बयान पर कहा, 'इतना उनको हीरो मत बनाइए, इतना हीरो बनने लायक नहीं हैं.'

उन्नाव दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा सांसद वीरेंद्र सिंह के बयान पर समाजवादी पार्टी पर



हमला बोला है. डिप्टी सीएम ने कहा कि, समाजवादी पार्टी में सांसद और विधायक सब बौखलाए हुए हैं. उन्नाव में उपमुख्यमंत्री ने एक साथ कई मुद्दों को लेकर सपा पर हमला बोला है.

केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि, साल 2024 के चुनाव में सपा ने जनता से झूठ बोला है।

## 14 जनवरी नहीं इस दिन होगी मकर संक्रांति की छुट्टी

### योगी सरकार का आदेश जारी

**● यूपी सरकार ने प्रदेश में मकर संक्रांति पर होने वाले सार्वजनिक अवकाश की तारीखों में बदलाव करते हुए 15 जनवरी 2026 को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया गया है।**

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में मकर संक्रांति पर होने वाले सार्वजनिक अवकाश की तारीख में बदलाव किया गया है. प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति पर होने वाले अवकाश की तारीखों में बदलाव कर 15 जनवरी को अवकाश की घोषणा की है. इस संबंध में शासन की तरफ से आदेश भी जारी कर दिया गया है. 14 जनवरी को घोषित अवकाश को संसोधित किया गया है. यह निर्णय 17 नवंबर 2025 को जारी



अवकाश की सूची में किये गए संशोधन के तहत लिया गया है.

उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, दिनांक 17 नवंबर 2025 के द्वारा वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर 14 जनवरी 2026 को अवकाश घोषित किया गया है. शासन स्तर पर विचार के बाद अवकाश की तिथि में बदलाव कर अब यह अवकाश दिनांक 15 जनवरी 2026 को घोषित करने का निर्णय लिया गया है.

15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश शासन की तरफ से जारी आदेश में यह भी बताया गया है कि, मकर संक्रांति के अवकाश 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को घोषित करने का निर्णय निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अधीन लिया गया है. आदेश में यह भी बताया गया है कि निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत दिनांक 15 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति का अवकाश घोषित किया जाता है.

14 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है, पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है. मकर संक्रांति के दिन स्नान दान का विशेष का महत्व है. मकर संक्रांति के अवसर दूर दराज से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचकर मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं. मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी 2026 को मनाया जाएगा. पर्व-त्योहार पूजा-पाठ के साथ ही परिवार के साथ खुशी मनाने का जरिया भी होते हैं।

# आश्वासन के बाद कौंधियारा सीएचसी पर किसानों का धरना समाप्त, एक सप्ताह में सुधार की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कौंधियारा में व्याप्त अव्यवस्थाओं और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (किसान) के बैनर तले चल रहा धरना-प्रदर्शन सोमवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया। इस आंदोलन में सैकड़ों किसान, ग्राम प्रधान, महिलाएं एवं युवा शामिल रहे।

धरने की शुरूआत राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। माल्यार्पण में पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष बृजेश पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्णानंद ओझा, रवेन्द्र मिश्रा, दीपेंद्र सिंह, शिवकुमार बिंद, मानिकचंद यादव (प्रधान), पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंदेल, मंडल अध्यक्ष भैयाजी मिश्रा, मंडल महासचिव धर्मेंद्र सिंह पटेल, रामबहादुर कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल रहे।





सीएचसी कौंधियारा परिसर में धरना देते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व अधीक्षक को ज्ञापन देते किसान यूनियन के लोग।

धरनास्थल पर वक्ताओं ने सीएचसी कौंधियारा में वर्षों से चली आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था, दंत चिकित्सक व आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, नेत्र चिकित्सक की तैनाती, अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों की सूची सार्वजनिक करने, महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञों की नियमित नियुक्ति, सीएचसी में तैनात डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की संख्या व तैनाती की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। इसके साथ ही गांवों में संचालित उपकेंद्र, आरोग्य केंद्र एवं जन औषधि केंद्रों की वास्तविक स्थिति सुधारने, आशा कार्यकताओं की नियुक्ति तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

सभी मांगों से संबंधित ज्ञापन मंडल महासचिव भैयाजी दुबे द्वारा डिप्टी सीएमओ प्रमोद कुमार एवं सीएचसी अधीक्षक उमेश कुमार को सौंपा गया। मौके पर डिप्टी सीएमओ ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंदेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके बाद धरना स्थगित करने की घोषणा की गई। धरने का आयोजन अधिवक्ता कृष्णानंद शुक्ला, मंडल प्रभारी विधि प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

धरना-प्रदर्शन में कमलेश शुक्ला, गुलाब सिंह (ग्रामीण प्रदेश उपाध्यक्ष), गुड़िया यादव, रुक्मिणी, विद्याकांत तिवारी, अंबिका, आशीष, भारत लाल, सियाराम, दिनेश पाण्डेय, छोटू यादव, दीपू भारतीय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रियंका गाँधी में झलकती है आयरन लेडी इन्दिरा गाँधी की शक्ल : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** प्रयागराज कांग्रेस सांसद राष्ट्रीय महा सचिव देश की सबसे बुलंद आवाज श्री मती प्रियंका गाँधी का जन्म बड़े ही हर्षोउल्लाश के साथ श्री मती इंदिरा गाँधी विद्यालय जगौती में मनाया गया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि प्रियंका गाँधी जी को हम ह्रदय से धन्यवाद देते हैं व इश्वर से कामना करते हैं कि प्रियंका गाँधी जी शक्तिशाली रूप से देश की सेवा नेतृत्व करें डा दिनेश सोनी ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के समय हमारी नेता प्रियंका गाँधी ने पूरे उत्साह तन मन धन से जिस प्रकार राहगीरों गरीबों अनाथों मरीजों की सेवा किया वह किसी से भी छिपा नहीं है जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विनय कृष्ण पाण्डेय एडो ने कहा कि प्रियंका गाँधी जी निडर निर्भिक महिला है प्रियंका गाँधी के सक्रियता से कांग्रेस कार्यकताओं का हौसला बढ़ा हैं कागज की नाव ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है हम सब कांग्रेस जन जल्द ही कांग्रेस की सरकार बनाने जा रहे हैं अपनी जनप्रिय नेता प्रियंका गाँधी को बधाई देने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह रंगराज सिंह आशीष कुमार मिश्र एडो राम मणि दिवेदी अरूण कुमार मिश्र महेन्द्र दिवेदी नारायण दिवेदी आनन्द पटवा राजकुमार पटेल दरोगा रोशन लाल पटेल कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान जिला कांग्रेस महासचिव नागेश पाण्डेय ने किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को नमन, युवाओं से लिया प्रेरणा का संकल्प




**प्रयागराज।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान परंपरा, दर्शन और अध्यात्म के माध्यम से देश के युवाओं को आत्मबोध से जोड़ा और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को विश्व मंच पर स्थापित किया।

उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर समाज सेवा, शिक्षा और मानव कल्याण के क्षेत्र में अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किए। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका ‟लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रुकने” का संदेश युवाओं में आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करता है। मुख्य वक्ता भाजपा नेता अंगद पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर ही युवा शक्ति विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर युवाओं ने उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## घर में घुसकर मार पीट तोड़ फोड़ आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के बोमापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवबहादुर का आरोप है कि वह खेत जा रहा था तभी विपक्षी राय होकर उसे मारने के लिए दौडा लिए जान बचाकर घर में घुस गया तो विपक्षी घर में घुसकर उसे और परिजनों को मारे पीटे गालियां देते हुए जान से मारने की धमती देते हुए मोबाइल तोड कर गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर दिए।शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख विपक्षी भाग निकले। प्रदीप कुमार सिंह ने मऊआइमा थाने में अमित कुमार साहू,अनुप कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, नमिता साहू,राम प्रकाश, लक्ष्मी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# करछना ब्लॉक सभागार में मतदाता सूची सुधार को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित



**करछना।** करछना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक सभागार करछना में मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं को फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 भरने की प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बूथों पर उपलब्ध मतदान सूचियों का गहन मिलान करने की विधि भी समझाई गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कई मतदाताओं के नाम भारी संख्या में एक बूथ से दूसरे बूथ में स्थानांतरित हो गए हैं, जिससे मतदाता सूची में गड़बड़ी उत्पन्न हो रही है। ऐसे नामों का सत्यापन कर उन्हें पुनः उनके मूल बूथ पर भेजने की कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आगामी चुनावों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।



करछना ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची सुधार का प्रशिक्षण देते हुए।

एसडीएम करछना भारती मीणा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बीडीओ अमित मिश्र ने प्रशिक्षण के दौरान फॉर्म भरने में होने वाली सामान्य गलतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूर करने के उपाय बताए। नायब तहसीलदार संतोष यादव ने भी बूथ स्तर पर नियमित निगरानी और समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

कार्यशाला के अंत में सभी कार्यकताओं को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रूप से कार्य करने, मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने और मतदाता सूची को दुरुस्त रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती विद्यालय से युवाओं ने निकाली भव्य रैली

### स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण जीवन समाज को जागरूक करने में समर्पित कर दिया : प्रिंसिपल दिनेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** स्वामी विवेकानन्द विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थरवई में सोमवार को विवेकानन्द जी की जयंती बड़े ही भव्य तारीके से मनाई गई। वहीं इस युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी स्वाभिमान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस यात्रा में कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 250 भैया - बहने एवं 20 आचार्य बंधु - भगिनियों ने इस रैली में सहभागिता जताई।यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के माध्यम से राष्ट्र को समृद्धि के पथ पर अग्रसर करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन मूल्यों एवं उनके विचारों में स्वदेशी के महत्व पर प्रेरक प्रकाश डाला। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंद्रधर तिवारी ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन तथा वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गौरव उपाध्याय द्वारा किया गया जिन्होंने गीता के मानवीय मूल्यों एवं स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों की सारगर्भित व्याख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में आशुतोष पाण्डेय, यादवेन्द्र पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा,गिरीश, हिमांशु, रामसूर, तुंगनाथ तिवारी, एवं सरोज तिवारी, विनीता शर्मा, अपर्णा सिंह, सिद्धि दात्री, शालिनी शुक्ला सहित समस्त स्वामी विवेकानन्द विद्याश्रम परिवार की उपस्थित रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। भैया-बहनों द्वारा लगाए गए प्रेरक स्लोगन एवं नारों ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली एवं विशिष्ट बना दिया। इसी मौके पर इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय भी मौजूद रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर रही। रैली सहीत सहित कार्यक्रम में भी रहे मौजूद और उन्होंने अपने वक्तव्य में बतलाया कि स्वामी विवेकानंद आध्यात्मिक गुरु होने के साथ थी कुशल वक्ता भी थे। वे विज्ञान, कला, धर्म, दर्शन और साहित्य के मर्मज्ञ माने जाते थे।




### शिक्षक सुरारी नाथ सोनकर का असामयिक लंबी बीमारी से निधन



**मांडा।** क्षेत्र के बामपुर गांव निवासी शिक्षक सुरारी नाथ सोनकर (45) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र और शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। सुरारी नाथ सोनकर को कुछ साल पहले माउथ कैंसर हुआ था। परिजनों ने शुरूआती चरण में उनका ऑपरेशन कराया था, जिसके बाद वे ठीक हो गए थे। हालांकि, हाल ही में उनका स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया। उन्हें शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। सुरारी नाथ सोनकर अपने पीछे पत्नी बेबी, इकलौते बेटे अभिषेक कुमार और तीन बेटियों पूनम, सोनम व सबनम को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह मिजार्पुर जनपद के विकास खंड लालगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगा शायर चरखी दुबार में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।

## स्वदेशी रन से लेकर पुरातन छात्र सम्मेलन तक विवेकानंद जयंती पर गूंजा राष्ट्रचेतना का स्वर

**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्री नगर के विवेकानंद प्रांगण में सोमवार को स्वदेशी अभियान, स्वामी विवेकानंद जयंती एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य, अनुशासित एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रभावना, सेवा और संस्कार का अनूठा संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर से आयोजित स्वदेशी रन से हुआ। लगभग तीन किलोमीटर लंबी इस दौड़ में करीब 300 छात्र-छात्राओं एवं आचार्य परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दौड़ का नेतृत्व प्रधानाचार्य श्री दिनेश कुमार दुबे, नगर संघ चालक ब्रह्मदेव सिंह, नगर कार्यवाह अनुभव श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी रसूलपुर महेंद्र सिंह एवं विद्यालय प्रबंधक राज नारायण मल्होत्रा ने किया। दौड़ विद्यालय से प्रारंभ होकर पहलवान चौराहा व मीरापुर सब्जी मंडी होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुई।




स्वदेशी अभियान के पश्चात स्वामी विवेकानंद जयंती श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सतीश साहू द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। मुख्य वक्ता ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में युवाओं से विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर समाजसेवी संस्था पुजारी मानव सेवा एवं प्रकृति संरक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री मनोज मिश्रा द्वारा निर्धन एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम को सेवा का आयाम मिला। इसके बाद आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन का उद्घाटन विद्या भारती के सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. रोहित गोपाल ने की। डॉ. राम मनोहर ने अपने संबोधन में ‟पंच प्राण” की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित मंच प्रस्तुति एवं देशभक्ति गीतों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। पुरातन छात्रों ने आपसी मिलन के माध्यम से स्मृतियों को साझा किया।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंत में व्यवस्था प्रमुख इंद्र नारायण शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की।

## अरैल सेक्टर नंबर -7 में संकटमोचन मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया गया




**नैनी।** नैनी संगम नगरी के अरैल क्षेत्र माघ मेला में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल के सौजन्य से रविवार को अरैल सेक्टर नंबर -7 में संकटमोचन मार्ग पर स्थित सरस्वती कैंप में शिविर के आयोजन में स्वच्छता अभियान एवं साज सज्जा कार्यक्रम किया गया। आप सभी को अवगत कराना है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती परिवार द्वारा पर्व - पर्व पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को मां गंगा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।वही कुंवर जी तिवारी का कहना है की इतना बड़ा माघ मेला है आप लोग स्वस्थ बनाकर रखिए। इस मौके पर कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, सुनील कुशवाहा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, डा. एस. बी. यादव, संदीप केसरवानी, शशिकांत पांडेय,शिव प्रताप सिंह, इन्दु प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र पाल, सौरभ यादव,कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रेम चन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट का बदला लेने के लिए गांव के ही युवक ने की थी दीपक की हत्या

**शराब पिलाने के बहाने बुलाकर ईट से किया था सिर पर वार मौके पर ही हो गई थी दीपक की मौत**

**फूलपुर थाना क्षेत्र का मामला, गांव में बढ़ा तनाव**

**फूलपुर।** मारपीट व बेइज्जती का बदला लेने की सनक युवक पर ऐसे चढ़ी की उसने गांव के ही युवक को शराब पिलाने के बहाने बुलाकर उसकी हत्या कर दी।

फूलपुर थाना क्षेत्र के परासिनपुर गांव निवासी दीपक कुमार उर्फ गुड्डू बीते शनिवार की शाम को दोस्त से मिलने की बात कह कर घर से निकला था। देर शाम तक वापस न आने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की। सुबह दीपक की लाश नहर किनारे मिली तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था साथ ही वह घटना की तफ्तीश करने में जुट गई थी। सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने गांव के ही युवक सौरभ यादव 27 जो की मृतक दीपक कुमार का दोस्त था उसे गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना स्थल से हत्या में प्रयुक्त ईट को भी बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया की आरोपी युवक का कुछ दिन पूर्व फूलपुर में मृतक दीपक से विवाद हो गया था। आरोपी सौरभ के अनुसार दीपक ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने शनिवार की शाम को शराब पिलाने के बहाने दीपक को बुलाया। दोनों ने साथ में शराब पी। जब दीपक नशे की हालत में हुआ तो सौरभ ने ईंट से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना से गांव में तनाव व्याप्त है।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था दीपक**

ग्रामीणों ने बताया की तीन भाइयों में दीपक सबसे छोटा था उसके दोनों बड़े भाइयों की शादी हो चुकी है। वहीं दीपक ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक दीपक की इसी वर्ष शादी होनी थी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोक सभा

**करछना।** तहसील करछना के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र सिंह कि शनिवार शाम को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो जाने पर सोमवार को बार एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष संजय पाण्डेय व महामंत्री शिवेंद्र सिंह द्वारा आयोजित शोक सभा में अधिवक्ताओं ने सुरेश चंद्र सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं और बार के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके तहसील परिसर में व्यवहार व स्वभाव की सराहना की । वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश द्विवेदी ने कहा कि वे सदैव स्पष्ट और निर्भीकता से अपनी बात रखते थे तथा अपने साथी वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ साथ कनिष्ठ अधिवक्ताओं को भी उचित मार्गदर्शन प्रदान करते थे तथा तहसील परिसर में हमेशा अपने पेशे के प्रति समर्पित रहे । वरिष्ठ अधिवक्ता ध्रुवराज सिंह ने कहा कि सुरेश चंद्र सिंह जी समय व नियम के पाबंद व्यक्ति थे जिससे हम सभी अधिवक्ताओं को सीखना चाहिए ।

## नरवर चौकठा में नशा मुक्ति को लेकर चौपाल



**मांडा।** क्षेत्र के नरवर चौकठा में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा तिवारी उर्फ सर्वेश ने आनंदी ग्रुप कॉमेडी के कलाकारों के साथ मिलकर ग्रामीणों से नशे से दूर रहने की अपील की।

चौपाल को संबोधित करते हुए आनंदी ग्रुप कॉमेडी के कलाकारों ने कहा कि मेजा क्षेत्र में यह पहली बार है जब कोई नेता नशा मुक्ति को लेकर गंभीर अभियान चला रहा है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक पहल है। कलाकारों ने लोगों से नशे के दुष्प्रभावों को समझने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अरविंद गौतम, राज बौद्ध, योगी, सूरज कुमार, विजय बहादुर निषाद, विकास शुक्ला, अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# काली घाट से फिर रोशन हुआ संगम तट, माघ मेला में शुरू हुआ वाटर लेजर शो

## हर शाम 45 मिनट का भव्य आयोजन, प्रयाग की कथाओं और कुंभ परंपरा की होगी झलक







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला-2026 के अवसर पर प्रयागराज के काली घाट से एक बार फिर वाटर लेजर शो का संचालन शुरू कर दिया गया है। सोमवार को इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। इससे पहले यह परियोजना महाकुंभ-2025 के दौरान पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्न ने किया था। बाढ़ की स्थिति समाप्त होने के बाद अब पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल यूनिट-2, प्रयागराज के माध्यम से इसका पुनः संचालन कराया जा रहा है।

सोमवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. अजयपाल शर्मा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में लेजर शो का अवलोकन किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इसे पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बताया। पर्यटन विभाग के अनुसार वाटर लेजर शो का आयोजन प्रतिदिन सायं 7 बजे काली घाट से किया जाएगा। लगभग 45 मिनट के इस शो में प्रयागराज से जुड़ी पौराणिक एवं सांस्कृतिक कथाओं के साथ-साथ माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

काली घाट के समीप स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत वाटर स्पोर्ट्स और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी संचालन किया जा रहा है। वाटर लेजर शो के दोबारा शुरू होने से संगम नगरी आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। पर्यटन विभाग का मानना है कि यह आयोजन माघ मेला के दौरान शहर की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त करेगा।

# नैनी में राम जानकी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, 15 हजार से अधिक भीड़ शामिल हुई

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर श्री राम जानकी सेवा ट्रस्ट की और से आयोजित प्राचीन मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया शोभायात्रा का कार्यक्रम सफल होने के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके साथ-साथ कन्याओं का पूजन हुआ। इस दौरान भजन संध्या के कार्यक्रम में एक के

बाद एक कई कलाकारों ने अपनी गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें देर रात तक भजन संध्या में श्रोता डूबे रहे। इसके साथ करीब 15 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ कार्यक्रम में पहुंची। जहां एक तरफ भजन संध्या का लोग आनंद उठा रहे थे वहीं दूसरी तरफ बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। भजन संध्या कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रसिद्ध गायक अमित अमिलिया, प्राची उपाध्याय, अमित पांडेयि और तिवारी बंधु की प्रस्तुति से देर रात तक कार्यक्रम में धूम मची रही इस दौरान मंच पर जय श्री राम के नारे लगाते रहे जहा एक तरफ भजन संध्या का आनंद उठा रहे थे वहीं दूसरी तरफ हजारों की भीड़ प्रसाद पाने के लिए कतार में खड़ी रही। भजन संध्या में हम प्रयागराज वाले हैं, प्रचीन उपाध्याय ने श्याम और भगवान शंकर के भजनों की प्रस्तुति से लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या का कार्यक्रम



देर रात तक चलता रहा। जिसे सुनने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर दराज से भी लोग पहुंचे हुए थे। प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर के इस भव्य आयोजन में मुख्य रूप से त्रिभुवन नाथ चौरसिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल, पुजारी नंदू महाराज, डब्लू जायसवाल, प्रेम प्रकाश जायसवाल, अशोक गुप्ता, बबलू तिवारी, संजय केसरवानी, राजेश साहू, टुनटुन पांडे, विनोद केसरवानी, सुभाष गुप्ता मुनीम, अनिल चौरसिया, शंकु, मंकू चौरसिया, राकेश चौरसिया, कुलदीप चौरसिया, सोनू, जीतू चौरसिया, रिंकू चौरसिया, अजय चौरसिया, लखन लाल केसरवानी, गप्पू केसरवानी, मुन्नाजी राठौ, सहित सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व आकांक्षा जायसवाल के साथ महिलाएं शामिल रही।

## अरैल में महर्षि महेश योगी का 109 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया

**नैनी।** नैनी अरैल महर्षि आश्रम में महर्षि महेश योगी का 109 वां जयंती को ज्ञानयुग दिवस वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश के निदेर्शानुसार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक गुरू पूजन, महर्षि के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन चतुवेदीक्त मंगलाचरण तथा स्वागत गीत से आरम्भ हुआ। अतिथि गर्णों का स्वागत में स्वस्ति वाचन, माल्यपर्ण एवं शाल तथा मिष्ठाल भेंट किया गया। मंच संचालन का कार्य आश्रम के वरिष्ठ आचार्य भूपेन्द्र मिश्रा ने किया फिर आश्रम प्रभारी बसंत दास द्वारा महर्षि के जीवन एवं विश्व व्यापी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुधीर नारायन अग्रवाल तथा अतिथिगण पंकज पाण्डेय आइ०पीएस० एसपी प्रोटोकाल प्रयागराज, अशोक जैन डायरेक्टर शहीद आजाद पार्क, कमलेश पाठक इलाहाबाद उच्च न्यायालय, संतोष मिश्रा प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय अलोपीबाग, राम रतन दास महाराज फलाहारी बाबा, चंद्रदेव महाराज सच्चा आश्रम, श्री देव व्रत महाराज अन्तराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं देवेन्द्र तिवारी गंगा महासभा, पूजा चंदोला, धमेन्द्र श्रीवास्तव एवं समस्त वैदिक विद्वानों एवं समस्त स्टाफ व ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, सोनू पांडे, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# माघ मेला : मंत्री एके शर्मा ने परखी तैयारियां, बोले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

### साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और रैन बसेरों पर विशेष जोर, भीड़ प्रबंधन के सख्त निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला क्षेत्र की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाएं।

मंत्री ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, निर्बाध पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, रैन बसेरा और अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग, घाट, चिकित्सा सेवाओं और अन्य आवश्यक स्थलों पर स्पष्ट एवं पर्याप्त साइनेज लगाने पर विशेष जोर दिया।भीड़ प्रबंधन को लेकर मंत्री ने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला एवं पर्व रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका का भी प्रमुख साधन हैं, इसलिए यदि आवागमन में बाधा न हो तो मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अनावश्यक अतिक्रमण कार्रवाई से बचा जाए, ताकि व्यवस्था और रोजगार में संतुलन बना रहे।बैठक में मेलाधिकारी ऋषिराज ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से माघ मेला की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 से 18 जनवरी के बीच दो प्रमुख स्नान पर्व होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना है, जिसे देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था पूरी कर ली गई है, सभी कैंपों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध हैं और पेयजल की कोई समस्या नहीं है।स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए मेलाधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में ह्यत्रिवेणीह्न और ह्यगंगाह्न नाम से दो बड़े अस्पताल स्थापित किए गए हैं, जहां एक्स-रे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक 31,651 ओपीडी पंजीकरण हो चुके हैं। इसके अलावा 80 एंबुलेंस तैनात की गई हैं और 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह सक्रिय हैं।सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एसपी मेला ने ट्रैफिक कंट्रोल रूम, अग्निशमन व्यवस्था और साइबर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी दी। बैठक के बाद मंत्री श्री शर्मा ने आईसीसीसी का निरीक्षण भी किया और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल, एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा, एसपी मेला नीरज पाण्डेय, अपर मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद, मुख्य अभियंता जल निगम (नगरीय) संजय कुमार गौतम सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने सोमवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउण्ड में किला रोड पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा लगायी गयी केन्द्र एवं राज्य सरकार के कार्यों, योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी और जनपद प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों से सम्बंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की। कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य सरकार के कार्यों, योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी से मेले में आने वाले लोगो को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी तथा लोग सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री जी की प्रदेशवासियों के नाम की पाती, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, ओडीओपी, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, धार्मिक-आध्यात्मिक एवं सांस्कृति पर्यटन, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, एयर कनेक्टिविटी, एमएसएमई ईकाईयां, डीबीटी के माध्यम से अनुदान का भुगतान, अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति, कानून व्यवस्था चुस्त-अपराध पर अंकुश, चिकित्सा



सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छ भारत अभियान, अटल पेंशन योजना, निःशुल्क सिंचाई, एक्सप्रेस वे सहित अन्य योजनाओं, परियोजनाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है।मण्डलायुक्त ने उसी परिसर में ह्यह्यऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिकह्नह्न विषयक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें संगम नगरी प्रयागराज के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक स्थान पर संकलन किया गया है। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुगण प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का एक स्थान पर संकलन होना प्रदर्शनी के महत्व को और अधिक बढ़ाता है। प्रदर्शनी के माध्यम से माघ मेला की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्ता तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया है। प्रदर्शनी में बडे.हनुमान जी, अक्षयवट, संगम, उल्टा किला, खुशरोबाग, श्रृंगवेरपुर धाम, मनकामेश्वर मंदिर, नौलखा मंदिर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आनंद भवन, जैन मंदिर, तारामण्डल, भारद्वाज मुनि, ललिता देवी, नागवासुकी मंदिर, कर्जन पुल, नया पुल नैनी, इलाहाबाद लाइब्रेरी, अशोक स्तम्भ, जैन मंदिर झूंसी, श्री नारायण आश्रम, प्रयाग महात्म्य सहित अन्य धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है।

## नैनी पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.5 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त मोहित पाण्डेय पुत्र परमानंद पाण्डेय, निवासी ग्राम छरिबना, थाना औद्योगिक क्षेत्र को शंकरढाल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 18/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उप निरीक्षक बलिराम कुमार, उप निरीक्षक रामानन्द विश्वकर्मा एवं उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# क्षेत्र चर्चित नेता चांद मोहम्मद उर्फ चंदू की बसपा में वापसी होने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

### कहा – पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक संगठन के साथ साथ पार्टी को मजबूत करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के चर्चित नेता चांद मोहम्मद चंदू ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में पुनः वापसी की है। उनकी वापसी से क्षेत्रीय राजनीति में हलचल देखी गई और पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल रहा। रविवार को मांडा क्षेत्र के दिघिया स्थित विंध्य वाटिका गेस्ट हाउस में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चांद मोहम्मद चंदू का जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। इनमें विधानसभा प्रभारी हरिशंकर विद्यार्थी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.विजय प्रकाश गौतम, एडवोकेट अनिल कुमार गौतम, सेक्टर अध्यक्ष श्याम सुंदर, सेक्टर



बसपा में वापसी होने पर चांद मोहम्मद चंदू को बधाई देते कार्यकर्ता

अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद, सेक्टर रक्षक महकू प्रसाद, सेक्टर जोन प्रभारी श्याम बिहारी, भावी जिला पंचायत सदस्य, डॉ. राधेश्याम, सेक्टर जोन प्रभारी भूपेंद्र कुमार, लाल साहब और राकेश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। इस दौरान कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ चांद मोहम्मद चंदू का स्वागत किया। इस अवसर पर चांद मोहम्मद चंदू ने कहा कि वे बसपा की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में लौटे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। पार्टी नेताओं ने चांद मोहम्मद चंदू की वापसी को मेजा विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे बसपा को नई ऊर्जा मिलेगी और उसका जनाधार और अधिक सशक्त होगा।

# सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज सर्वोदय नगर में राष्ट्रीय युवा दिवस सम्पन




**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सर्वोदय नगर, भरद्वाज पुरम् में आज स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर पुरा छात्र सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें पुरनियों ने अपने समय की घटनाओं को साझा किया। कार्यक्रम को पुराछात्र विनय त्रिपाठी ने संयोजित किया। अतिथि दिनेश कुमार मिश्र, सतीश कुमार गुप्त, शैलेन्द्र मिश्र, दिनेश शर्मा, एवं अन्य पुराछात्रों ने विचार व्यक्त किए। विद्वत परिषद के संयोजक सतीश कुमार गुप्त ने स्वामी जी के दर्शन और सन्देशों को छात्रों के समक्ष व्याख्यायित किया। परिचय विनय त्रिपाठी एवं संचालन आचार्या भगिनी ने किया सभी अतिथियों ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र तिवारी ने अभ्यागत अतिथिगण एवं पुराछात्रों को आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती विश्वविद्यालय में मनाई गई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सर प्रमदा चरण बनर्जी छात्रावास में विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य हरेश प्रताप सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी राजीव मिश्रा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाग प्रचारक शिव प्रताप उपस्थिति रही, तथा इस कार्यक्रम के संयोजक अमन मिश्रा रहे। इस कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे। वही हरेश प्रताप सिंह राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विषय रखे। राजीव मिश्रा राष्ट्र निर्माण में शैक्षिक विषयों पर अपना विषय रखे।

# कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को है बढ़ाना : जी श्रीनिवास

### मेजा ऊर्जा निगम द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सोमवार को मेजा ऊर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र 2025-26 के समापन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया।

यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि जी. श्रीनिवास राव मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा ऊर्जा निगम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ और उन्होने इस मौके पर सभी को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम में स्वागत सम्बोधन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अजय सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारिगण अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी, जेम की बालिकाएँ एवं उनके अभिभावकगण मौजूद थे । इस कार्यक्रम में जेम की बालिकाओ द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया ।



मेजा ऊर्जा निगम में आयोजित पांच दिवसीय महिला सशक्तिकरण अभियान के समापन पर उपस्थित बालिकाएं

इस एक सप्ताह की कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्जा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित है।

मेजा ऊर्जा निगम द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है।

मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत हर वर्ष परियोजना प्रभावित ग्रामों के 40 बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यशाला के अंतर्गत एक महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत चार लड़कियों का चयन किया जाता है और उन्हे मेजा ऊर्जा निगम के स्कूल में बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतरीन शिक्षा मुफ्त में दी जाती है।

# डीएम एवं एसपी ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** महान समाज सुधारक, दार्शनिक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने स्टेशन रोड चैराहा स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों और कर्म से देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी स्वामी विवेकानन्द के विचारों को याद करते हुए कहा कि अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति उनके जीवन का मूल आधार था, जिसे अपनाकर एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका राकेश कुमार सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### विद्युत चोरी की तीन घटनाओं का हुआ खुलासा, आरोपी गया जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी तथा विद्युत तांबे के उपकरण व तार चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए अन्र्तजनपदीय बदमाश को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे में मिले वाहन से बारह लीटर विद्युत तेल, दो बोरियों में तांबे के उपकरण व एक प्लास्टिक बाक्स में तार काटने व चोरी में प्रयुक्त उपकरणो को बरामद किया है। वही आरोपी के द्वारा प्रयोग की जा रही एक चारपहिया वाहन भी पुलिस ने कब्जे मे लिया है। बीती चैबीस दिसंबर की रात लालगंज कोतवाली के धारूपुर मे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की वारदात हुई थी। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में दरोगा सुनील कुमार यादव पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह गश्त पर निकले थे। जगन्नाथपुर के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें विद्युत चोरी के सामान को देख पुलिस टीम आवाक रह गयी। पुलिस ने आरोपी चित्रकूट जिले के मऊ थाना निवासी अखिलेश पुत्र शारदा प्रसाद को हिरासत में लेकर कोतवाली आयी। यहां पूछतांछ में आरोपी ने विद्युत चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपी द्वारा पुलिस टीम को जानकारी दी गयी कि लालगंज थाना क्षेत्र के अलावा गैंग ने बाइस दिसंबर की रात प्रतापगढ़ सिटी तथा चार मई को शिवसत दिलीपपुर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी सुमित सिंह पाल ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 के अवसर पर विकास खण्ड कालाकांकर के एस०एन०एस० पब्लिक स्कूल कालाकांकर में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती मनायी गयी जिसमें एस०एन०एस० पब्लिक स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं एवं मंगल दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कालाकांकर देशदीपक जोशी द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा किये गये कार्य जैसे राज कृष्ण मिशन की स्थापना, शिक्षा पर जोर और एकता की भावना को बढ़ावा देने तथा भारत को एक राष्ट्र के रूप में एकजूट करने का प्रयास के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में एस०एन०एस० स्कूल के प्रबन्धक अमरनाथ गुप्ता, सी०आर०पी०एफ० इस्पेक्टर अरूण कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देशदीपक जोशी, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पीएम के बाद घर पहुंचा शव, हुआ अंतिम संस्कार

**पट्टी।** ननिहाल में रह रहे युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने के मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात घर पहुंचा। सोमवार की सुबह परिजनों ने इब्राहिमपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।जौनपुर जनपद के महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर निवासी अविनाश गौतम (18) पुत्र स्वर्गीय राकेश गौतम आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदई शाहपुर गांव में अपने मामा सुनील के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को वह हाईस्कूल की प्री-बोर्ड परीक्षा देकर घर लौटा था।रविवार सुबह गांव से करीब 400 मीटर दूर डीहवा जंगल में नित्य क्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटकता देखा। सूचना पर आसपुर देवसरा पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कराई और सुबह करीब 10 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ भेजा गया।पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचा। सोमवार सुबह परिजनों ने इब्राहिमपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था और सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### विद्युत पोल से एचटी लाइन का तार चोरी, लाखों नुकसान




**लालगंज।** तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही तार चोरी की घटनाओं ने बिजली विभाग की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामले में निमार्णाधीन एचटी लाइन को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

लालगंज क्षेत्र के राजापुर बरीबोझ की ओर बन रही हाईटेंशन लाइन से बीती रविवार रात अज्ञात चोर दर्जनभर से अधिक विद्युत पोलों से तार काट ले गए। सोमवार सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद विभाग को सूचना दी गई।इस चोरी से बिजली विभाग को लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।अवर अभियंता कमलेश विश्वकर्मा ने बताया कि कई पोलों से एचटी लाइन का तार चोरी हुआ है। अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत

**लालगंज।** स्थानीय विकास खण्ड के पट्टी कचेहरा में प्रधान के द्वारा बनवाए जा रहे पक्की सड़क में मानक के अनुसार काम नहीं होने से सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में 190 मीटर सड़क पास हुई है। लेकिन प्रधान केवल 80 मीटर ही बनवा रहे हैं। मानक के अनुसार कार्य भी नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिव सहाय सिंह, शेखर सिंह, बुद्धिमान सिंह, अतुल पांडेय, शारदाबक्स सिंह, चंदन पांडेय आदि ने कार्रवाई की मांग की है।

# मार-पीट में घायल युवक की सात माह बाद इलाज के दौरान मौत

### जमीन विवाद में जून 2025 में खेत में हुई थी दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बिझला गांव में जमीन विवाद को लेकर 28 जून 2025 को हुई मार-पीट में गंभीर रूप से घायल युवक की लगभग सात माह बाद इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त करने लगे।जानकारी के अनुसार गांव निवासी हीरामनि यादव (28) का अपने पड़ोसी वीरेंद्र यादव से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 28 जून की दोपहर हीरामनि यादव अपने खेत में काम करने गए थे, जहां विवाद बढ़ने पर वीरेंद्र यादव पक्ष के लोगों ने उन पर फावड़े से हमला कर दिया। हमले में हीरामनि गंभीर रूप से घायल होकर खेत में ही गिर पड़े और बेहोश हो गए।घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें बेहोशी की हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां तब से उनका इलाज चल रहा था। मारपीट की पूरी घटना का वीडियो भी उस समय सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें फावड़े से हमला करते हुए दृश्य कैद था।लगभग सात माह तक चले इलाज के बाद रविवार को उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे तीन वर्षीय पुत्री और लगभग दो माह का एक पुत्र छोड़ गए हैं। मृतक के पिता राम अचल का निधन पहले ही हो चुका है।शव गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके आवास पर जुट गए और परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। बताया गया कि इस घटना में कुल पांच लोग घायल हुए थे, जिनमें से तीन को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# बिजली, लोक निर्माण एवं स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

### मेडिकल कॉलेज में पूर्णकालिक नियमित प्राचार्य की तैनाती का प्रभारी मंत्री ने दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राज्यमंत्री परिवहन विभाग व जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक मे विद्युत विभाग की समीक्षा में विधायक सदर द्वारा नगर निकाय विस्तारणीकरण एवं विजनेस प्लान के अन्तर्गत प्रगति के सन्दर्भ में जानकारी करने पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निकाय के अन्तर्गत 185 कार्य स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 62 कार्य पूर्ण हो गये हैं। नगर निकाय के अन्तर्गत पूरेईश्वरनाथ में 33ध्11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण हो रहा है। विजनेस प्लान के अन्तर्गत अवगत कराया गया कि जनपद में 344 ट्रांसफार्मरों का क्षमतावृद्धि किया जाना था जिसके सापेक्ष 205 ट्रांसफार्मरों में क्षमतावृद्धि का कार्य पूर्ण किया गया है। स्टेडियम के पीछे 33 केवी विद्युत लाइन शिफ्टिंग के बारे में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। नगर निकाय एवं विजनेस प्लान के अन्तर्गत अवशेष विद्युतीकरण के कार्य को अविलम्ब पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रभारी मंत्री द्वारा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को दिये गये।लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में जनपद प्रतापगढ़ स्थित निरीक्षण भवन परिसर में 06 अतिरिक्त सूट निर्माण के बारें में जानकारी करने पर अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 द्वारा अवगत कराया गया कि निरीक्षण भवन परिसर में 06 अतिरिक्त सूट निर्माण हेतु रुपए 409.11 लाख का प्रारम्भिक आगणन मुख्य अभियन्ता (भवन) कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को प्रेषित किया गया है।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में विधायक सदर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा राजा प्रताप बहादुर मेडिकल कॉलेज में पूर्णकालिक नियमित प्राचार्य की तैनाती का अनुरोध किया गया। नियमित प्राचार्य की तैनाती न होने के कारण मेडिकल कॉलेज में दवाओं, उपकरण की उपलब्धता आदि में अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

# सीएचसी में सामुदायिक शौचालय के आस-पास गंदगी का अंबार

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बने सामुदायिक शौचालय के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साफ-सफाई के अभाव में दुर्गंध फैल रही है, जिससे इलाज कराने आने वाले मरीजों, उनके तीमारदारों के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारी भी परेशान हैं।स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय के आसपास नियमित सफाई नहीं होने से परिसर की स्वच्छता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक आर. भारती ने बताया कि परिसर में बने सामुदायिक शौचालय पर कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। यदि गंदगी पाई गई है तो इसकी जांच कराई जाएगी और संबंधित कर्मचारी के खिलाफ लिखापढ़ी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल लोगों की मांग है कि तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को राहत मिल सके।



### शौच के लिए घर से निकला बीए का छात्र लापता

#### अनहोनी की आंशका पर परिजनों ने दी पुलिस को सूचना

**बेलखरनाथ धाम।** रविवार शाम सात बजे शौच के लिए घर से निकला बीए का छात्र घर से लापता हो गया। अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मकरा मनभवना गांव निवासी नन्हकू प्रजापति का बेटा हेमंत प्रजापति 22 रविवार शाम सात बजे घर से शौच के लिए निकला। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास युवक की काफी खोजबीन किया लेकिन उसका सुराग कहीं नहीं लगा। सोमवार को अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटरियों पर दुकानदारों के कब्जे को पुलिस ने हटवाया

### सड़क किनारे रखे गए सामान को हटवाकर कराया गया रास्ता खाली

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** तहसील मुख्यालय के पास सड़क किनारे पटरियों (फुटपाथ) पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को पुलिस ने हटवाया। कस्बे में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पटरियों पर रखा गया दुकानों का सामान हटवा दिया।बताया गया कि तहसील मुख्यालय क्षेत्र में कई दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क किनारे पटरियों तक फैला दिया गया था, जिससे पैदल चलने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रहती थी।इस कार्रवाई का नेतृत्व कस्बा इंचार्ज सचिन कुमार यादव एवं उप निरीक्षक रोहित कुमार ने किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को समझाया और पटरियों पर रखे गए बोर्ड, ठेले एवं अन्य सामान हटवाकर रास्ता पूरी तरह खाली कराया।पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा पटेरिया या सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है।पुलिस का कहना है कि कस्बे में यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आगे भी इसी तरह अभियान चलाया जाता रहेगा।

### नाबालिग किशोरी को अनैतिक कृत्य में धकेलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी।** तीन वर्ष पूर्व दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर गैर प्रांत ले जाकर अनैतिक कृत्य में धकेलने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीपपुर थाना क्षेत्र के रसोईया गांव निवासी मोहम्मद यूनुस का पुत्र जाबिर तीन वर्ष पहले गांव की एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। आरोपी किशोरी को गैर प्रांत ले गया, जहां अपने एक परिचित के माध्यम से उसे दूसरे व्यक्ति के सुपुर्द कर फरार हो गया था।किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। रविवार को उपनिरीक्षक पंकज वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि आरोपी तीन वर्ष से फरार चल रहा था।नाबालिग किशोरी को अगवा कर अनैतिक कृत्य में धकेलने के मामले में उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है।

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षा दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर दयादीप पब्लिक स्कूल, दंडीपुरम में विचार संगम, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रभावना से जुड़े विचारों पर मंथन हुआ, वहीं समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन अतिथि समाजसेवी संजय शुक्ल ने मां सरस्वती एव स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा का गौरव बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से अंतर्निहित शक्तियों के विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्र व समाज के प्रति समर्पण भाव को अपनाने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि मत्स्येन्द्रनाथ मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं. रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का शिक्षादर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने में सक्षम है। इस अवसर पर देवी प्रसाद मिश्र प्रधान, समाजसेवी संजय शुक्ल, चन्द्रशेखर शुक्ल सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।कवि सम्मेलन में साहित्यकार व शिक्षक डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर, डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी, शेख मुंशी रजा अनीस देहाती, फैय्याज अहमद परवाना, धीरेन्द्र त्रिपाठी, मिठाईलाल गौतम, आचार्य संतोष मिश्र समेत अन्य कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शर्मिला गोस्वामी, माधुरी पाल, अंकिता गुप्ता, खुशबू पटेल, विभा विश्वकर्मा, अखिलेश पांडेय, शिवशंकर तिवारी, रामबरन सिंह, रामचन्द्र यादव सहित कुल 151 लोगों को सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दयाशंकर गिरि ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। व्यवस्थापक रमाकांत तिवारी ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की, जबकि संयोजक शिक्षक व साहित्यकार आशुतोष गिरि हृदीपकह्न ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हरिवंश शुक्ल (शौर्य) ने किया।

### बाइक अनियंत्रित होने से गिरा युवक, घायल

**पट्टी।** घर जाते समय आमारपुर मोड़ के पास एक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक सवार नागेंद्र कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक संतुलन बिगड़ने से नागेंद्र कुमार बाइक से गिर पड़े और उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहू-लुहान हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां उनका उपचार जारी है।डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि घायल की हालत स्थिर है इलाज सीएससी में चल रहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया स्वामी विवेकानंद की जयंती




**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु वाटिका,मंदिर चिलबिला पूर्वी के भैया बहिनों द्वारा युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर मातृ भारती की सज्जा प्रमुख प्रतिभा प्रजापति, पुष्पा पाल,पूर्व छात्र अध्यक्ष भैया अश्वनी जायसवाल ने समवेत मां शारदे एवं भारत माता तथा ओम के चित्र पर अपने श्रद्धा पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विवेकानंद का रूप धरे भैया तेजस जायसवाल, शांभवी एवं प्रदुम्न उमर वैश्य, कार्तिक तिवारी का माल्यार्पण कर आरती उतारी। इस मौके पर पूर्व छात्र भैया बहिन उपस्थिति रहे। भैया बहिनों ने विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग व विद्यालय के अनुभव साझा किये ।कार्यक्रम का आयोजन प्रीति सिंह द्वारा किया गया।अतिथियों का परिचय एवं सम्मान शिशु वाटिका संचालिका विभा शुक्ला के द्वारा कराया गया।परिचय के उपरांत संचालिका विभा शुक्ला ने विवेकानंद का संक्षिप्त जीवन परिचय बताया। प्रधानाचार्य ने विवेकानंद के सूत्र वाक्य नर सेवा नारायण सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाने का आग्रह किया।कार्यक्रम में प्रीति सिंह शालिनी पांडे, काजल, ज्योति पाल, आंचल दुबे, बृजेश तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, संध्या तिवारी, प्रियंक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में आयोजित जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने सीएम उद्यमी युवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को ऋण आवेदनो को शीघ्र निस्तारित एवं स्वीकृत ऋण आवेदनां को शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए। उन्हांने एम.ओ.यू. दाखिल निवेशकों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1450 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1276 प्रकरण निस्तारित हो चुके है तथा 14 प्रकरण विभिन्न विभाग के स्तर पर लम्बित है, जिसमें-कृषि विभाग-09, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-03, विद्युत विभाग-01 एवं बाट माप विभाग-01 जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लम्बित प्रकरण समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण तथा उद्यमीगण-रमेश अग्रहरि, प्रवेश केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में आयोजित जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए बैठक में पश्चिम शरीरा चौराहे पर 15ग20 फिट का चट्टा निर्माण कर व्यापारियों को आवंटित किये जाने के प्रकरण पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। बैठक में अंतू का पुरवा वार्ड नं0-06 दारा नगर में विद्युतीकरण एवं रास्ता व नाली की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग पर अधिशासी अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि कार्य प्रगति पर है, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में ओसा मण्डी परिसर के अन्दर तौल के लिए धमर्कांटा लगवाये जाने की मांग पर बताया गया कि धमर्कांटा लगाए जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त हो गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा उद्यमीगण-रमेश अग्रहरि, प्रवेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें।

## पिपरी थाना प्रभारी ने लोगों को अपने जीवन का मूल समझाया

**सड़क सुरक्षा को जीवन-संरक्षा का संकल्प बनाने में जुटी कौशाम्बी पुलिस**



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों के जीवन की सुरक्षा को सवोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक सशक्त और प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन,पर थाना पिपरी प्रभारी विकास सिंह लोगों को बताया पुलिस की भूमिका केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित न रहकर समाज-रक्षक के रूप में सामने आई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सोमवार को पिपरी थाना प्रभारी विकास सिंह एवं उनकी पुलिस टीम ने आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर सड़क सुरक्षा के महत्व को सरल और प्रभावी शब्दों में समझाया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, शराब के सेवन के बाद वाहन न चलाने, तेज गति और लापरवाही से बचने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को बिना देरी नजदीकी अस्पताल पहुँचाने, समय पर प्राथमिक उपचार दिलाने तथा 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह व उनकी टीम द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई, जिससे नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।

## मां का गला घोट कर बेटे ने उतारा मौत के घाट

**आला कत्ल के साथ पुलिस ने हत्या करने वाले बेटे को किया गिरफ्तार**

**मकान बेचकर रकम मांग रहा था बेटा**

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे में रविवार रात्रि को अपनी मां के गले में मफ़्लर फसा कर अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है गांजा चरस अफीम एवं शराब आदि के नशे का आदी हो चुके बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां से उसके मकान को बेचने का दबाव बना रहा था जब मां ने मकान बेचने से मना कर दिया तो नशेड़ी बेटे ने मां के गले में मफ़्लर से गला दबा कर मौत के घाट उतारा घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्टम को भेजा। नगर पालिका परिषद अंतर्गत भरवारी कस्बा के पुरानी बाजार स्थित निवासी आयशा पत्नी अयूब उम्र 70 वर्ष को उसी के गांजा अफीम चरस एवं दारू के नशे के आदी बेटे गुड्डू उर्फ याकूब ने घर में ही गला में मफ़्लर से दबा कर मार डाला 'मिली जानकारी के अनुसार मृतक के बेटे ने अपनी ही मां पर मकान बेचने का दबाव बनाते हुए कहा कि मकान बेच दो मां के न कहने पर उसके शराबी बेटे ने अपनी मां को कमरा बंद कर पहले तो बहुत मारा पीटा उसके बाद उसने एक मफ़्लर से गला दबा कर मौत के घाट उतार दिया घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्टम की लिए भेज दिया वही कलयुगी नशेड़ी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन आवर में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हॉट स्पॉट प्वॉइंट पर 108 एम्बुलेंस हमेशा तैनात

**कौशांबी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन आवर में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 06 हॉट स्पॉट प्वॉइंट-संदीपन घाट थाना के पास, आलमचंद सीएचसी रोड, कोखराज थाना के पास, टेढ़ी मोड (कानपुर प्रयागराज हाईवे), सैनी रोड व अझुवा पर 108 एम्बुलेंस हमेशा खड़ी रहती है।मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि 05 सरकारी हॉस्पिटल-ट्रामा सेंटर नरसिंहपुर कछुआ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमचंद चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार 06 निजी हॉस्पिटल-वंदना हॉस्पिटल सिराथू, नीवि अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर सिराथू, नवजीवन हॉस्पिटल कसिया, देवेश हॉस्पिटल महगांव, नारायण स्वरूप हॉस्पिटल कोईलहा एवं मधु वाचस्पति हॉस्पिटल कोईलहा को चिन्हित किया गया है, जिसमें सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## दिव्यांग महिला को डीएम ने तत्काल ट्राईसाइकिल प्रदान किया गया

**जिलाधिकारी के जनता दर्शन में दिव्यांग महिला सहाना बानो ने प्रार्थना पत्र देकर पेंशन, आवास एवं ट्राईसाइकिल दिलाए जाने की मांग की**

**जिलाधिकारी ने सी.डी.ओ. आवश्यक कार्यवाही कराकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल के जनता दर्शन में दिव्यांग महिला सहाना बानो निवासिनी ग्राम-दौलतपुर कसार ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या बताते हुए पेंशन, आवास एवं ट्राईसाइकिल दिलाए जाने की मांग की जिलाधिकारी ने दिव्यांग महिला सहाना बानों की समस्या को गम्भीरता से सुनकर मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कराकर पेंशन, आवास एवं ट्राईसाइकिल सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने तत्काल दिव्यांग महिला को ट्राईसाइकिल प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जॉच करने पर पाया गया कि सहाना बानो को पेंशन मिल रही थी, एन.पी.सी.आई. न होने के कारण पेंशन रूक गया था। बैंक जाकर एन.पी.सी.आई. करवा दिया गया है, अब नियमित रूप से पेंशन मिलेंगी। दिव्यांग महिला को आवास से लाभान्वित किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है।

## सीडीओ ने की संस्कृति उत्सव के तहत किए जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने अपने कार्यालय कक्ष में हमारी संस्कृति-हमारी पहचानह्व के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव के तहत अब तक किए गए कार्यो की प्रगति की समीक्षा की।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आज ग्राम पंचायत स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करा लिया जाएगा तथा ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए सभी तैयारियॉ-निर्णायक मण्डल का गठन एवं कार्यक्रम स्थलों का चयन आदि सुनिश्चित कर लिया गया है। जनपद स्तर का कार्यक्रम डॉयट ऑडिटोरियम में कराया जाएगा मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासनादेश का अनुपालन करते हुए सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराएं जाएं। दिनांक 13 जनवरी को ब्लॉक स्तर एवं तहसील स्तर तथा 14 जनवरी को जनपद स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाय जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि संस्कृति उत्सव के अन्तर्गत आयोजित हो रहें सांस्कृतिक प्रतियोगिता-शास्त्री गायन, लोक गायन, सुगम संगीत, लोकनृत्य एवं काव्य पाठ्य में प्रतिभाग के लिए कलाकारां को संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। प्रतिभागी को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, जिसके लिये प्रतिभागी का आधार कार्ड मानक होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए सम्बन्धित जनपद का निवासी अपने ही जनपद के क्षेत्रान्तर्गत प्रतियोगिता स्थलों पर प्रतिभाग कर सकतें है। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है। प्रतिभागी कलाकार दलनायक के रूप में अपने सभी सहयोगी कलाकारों का सम्पूर्ण विवरण यथा-नाम, पता, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, पासपोर्ट साइज की दो फोटो अलग से प्रस्तुत करेंगे। यदि कोई कलाकार अन्य किसी दल के साथ सहभागिता करेंगें तो उस कलाकार को दूसरे दल नायक के रूप में शामिल नहीं किया जायेगा। सभी कलाकारों को संगत कलाकार व वाद्य यंत्रों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। देशभक्ति गीत, लोकगीत, लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य एवं लोकवाद्य में केवल समूह प्रस्तुतियां होंगी, अन्य सभी विधाओं में सिर्फ एकल प्रस्तुतियां होंगी। सभी प्रतिभागी कलाकार एकल प्रस्तुति के अतिरिक्त सिर्फ एक समूह प्रस्तुति में भाग ले सकते है। प्रतिभागियों की न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा आयु वर्ग के अनुसार-किशोर वर्ग 14 वर्ष से 20 वर्ष तक एवं युवा वर्ग 21 वर्ष से 25 वर्ष तक होना चाहिए।

## गोतश्करों से पुलिस मुठभेड़ में एक घायल सहित कुल 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिले में 3/4.01.0226 की रात्रि में ससुर खदेरी नदी व इचौली गाँव के मध्य झाड़ियों में बिजली के खम्भों से बंधे हुये कुल 12 बैल जिंदा बरामद हुए थे, जिसके सम्बन्ध में थाना कोखराज में अभियोग दर्ज हुआ उक्त गो वंशो को परिवहन कर वध हेतु कही बाहर ले जाने के लिए बांधा गया था, किंतु कुछ लोगों द्वारा सूचना देने पर पुलिस के पहुंच जाने से अपराधी तस्करी को अंजाम देने में सफल नही हो पाए थे घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत सफल अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोखराज पुलिस,एसओजी एवं सर्विलांस की टीम को लगाया गया था । गहन छानबीन से उक्त घटना में 7 गौतस्करों के नाम प्रकाश में आए! जिले में मुखबिर की सूचना पर थाना कोखराज पुलिस व एसओजी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये टेगाई नियामतपुर मार्ग पर पतेरिया बाग के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान अभियुक्तगणों द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया फलस्वरूप पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग मे अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ पुल्ली पुत्र मोती लाल निवासी अमांव थाना खागा जनपद फतेहपुर पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गया तथा 02 अभियुक्त अजय चौबे पुत्र लल्लन चौबे निवासी तिवारी डेहरिया थाना मोहनिया जनपद भभुआ कैमूर बिहार, अजमेरी पुत्र स्व० छोटे लाल निवासी ननमई थाना कोखराज को मौके से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से 01 अदद मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट की, 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर चालू हालत, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 900 रु0 नगद तथा तीन अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा गया। 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोखराज पंजीकृत किया गया है विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है।

## हर शोषित,गरीबों,मजलूमों की मजबूत आवाज हैं प्रियंका गांधी : गौरव पाण्डेय



**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा में सोमवार को जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के आवास पर राष्ट्रीय महासचिव एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल,फल,मिठाई वितरित कर धूम धाम से मनाया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि आज हमारी नेता आधी आबादी की बुलंद आवाज प्रियंका गांधी जी का जन्मदिन है और हमने इसे जरूरतमंदों के साथ मनाया और यह संकल्प लिया कि संविधान बचाओ महापंचायत,मनरेगा बचाओ संग्राम , एसआई आर सेवा और बलिदान के 140 वर्ष ,पंचायत चुनाव 2026, एमएलसी चुनाव 2026,रमाबाई मैदान रैली यह कार्यक्रमों में हम सभी पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच उतरेंगे.! और इस योजना को सुरक्षित और संरक्षित रखेंगे. ।इसके बाद जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने कहा कि प्रियंका गांधी हर कमजोर,शोषित नागरिकों की शसक्त आवाज हैं और हम सभी अपनी नेता के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं देते हैं ! तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी ने कहा कि प्रियंका गांधी जी देश की हर शोषित वंचितों की आवाज हैं व समय समय पर सदन में गरीबों के हक और जरूरतों के प्रति सरकार को सही रास्ता दिखाती हैं लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार चंद उद्योगपतियों के बारे में सोचती है न कि देश की जनता के बारे में.यह बहुत ही दुखद है ।कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला ने किया इस दौरान कार्यक्रम में सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा,सेवादल अध्यक्ष जमशेद अहमद,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत,नौशे आलम,तबरेज अहमद,मोहम्मद शरिक,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय हिमांशु केशरवानी,गुलज़ारी लाल केशरवानी बड़का रैदास,राकेश पाल,प्रवीण पाण्डेय,रामजी सेन,राजाबाबू यादव,नथई पासी,राकेश रैदास,लखन लाल पासी,फूलन देवी,केतकी देवी, नत्थी देवी,जोखन देवी,सरिता देवी , राजुला सेन,समर सिंह,अजीत यादव,भोला यादव,रामलखन पासी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में बड़े धूमधाम से मनाया गया विवेकानंद का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी कौशाम्बी में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन पर अपनी बात को रखते हुए महाविद्यालय के आचार्य डॉक्टर सी पी श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद की मूल मंत्र उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत का उल्लेख करते हुए कहा कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य न प्राप्त हो जाए। उन्होंने विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद का जीवन संघर्ष का जीवन था उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष किया और अपने गुरु के शरण में गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस के सानिध्य में आत्म साक्षात्कार किया। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस ने कहा था कि तुम महान कार्य के लिए आए हो तुम्हें पूरी मानवता की सेवा करनी है। 1893 ईस्वी में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के शिकागो महानगर में विश्व धर्म सम्मेलन में जब वह सम्मिलित हुए सम्मिलित होने के लिए उनको बहुत कठिन प्रयास करना पड़ा बड़ी मुश्किल से उन्हें मौका मिला था क्योंकि उनको किसी भी भारतीय धर्म का प्रतिनिधि नहीं माना गया था। उन्होंने जब बोलना शुरू किया था सबसे पहले उन्होंने कहा माय डियर सिस्टर्स एंड ब्रदरेन ऑफ अमेरिका तालियो की गड़गड़ाहट से आकाश गूंज उठा। वहां की प्रत्येक समाचार पत्रों ने विवेकानंद के व्याख्यान को छापा। समाचार पत्रों ने लिखा कि भारत जैसे देश में जहां ऐसे विद्वान है मिशनरी को भेजना मूखर्ता कार्य है । उन्होंने भारत के युवाओं को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि तुम शक्तिशाली बनो ,तभी जीवन में कुछ पाओगे, लक्ष्य को प्राप्त करोगे। इस तरह से उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया और हम जब उनके जीवन को देखते हैं उनके दर्शन को देखते हैं तो प्रेरणा मिलती है कि हमें भी मजबूत बनना है। यही कारण है कि हम आज उनका जन्मदिन युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी इंचार्ज दीपक कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान विश्व का सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। इस युवा शक्ति का लाभांश अवश्य ही राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ.मोहम्मद आदिल ने युवाओं को राष्ट्र सेवा के प्रति उनके कर्तव्यों को बताते हुए विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं की चर्चा किया। भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचार मुख्यता युवाओं को सशक्त बनाकर समाज के विकास में योगदान के संबंध में थे, वह चाहते थे कि भारतीय युवा आत्मविश्वास से भरा रहे शिक्षित हो तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षित होकर हर संभव प्रयास करें युवाओं में सेवा भावनाओं को भी जगाने के पक्षधर थे उनका मानना था कि शिक्षित एवं स्वस्थ युवा ही अपने समाज एवं संस्कृति की रक्षा कर सकता है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय कौशाम्बी के तत्वावधान में दिनांक 12 जनवरी 2026 को महान संत, विचारक एवं राष्ट्र प्रेरक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, में किया गया, जिसमें एम0बी0बी0एस0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम का संचालन डा0 सरस्वती जयसवाल यादव आचार्य एवं डा0 रविरंजन सिंह सह आचार्य के द्वारा किया गया सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, संगोष्ठी, युवा संवाद रन फार युनिटी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा0 राकेश कुमार शुक्ला, ने कहा, स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं।आत्मविश्वास अनुशासन और राष्ट्सेवा ही सच्ची सफलता का मार्ग है। वही डा0 नरेन्द्र कुमार, ने अपने संबोधन में कहा, ह्नयदि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। स्वामी विवेकानंद का अमर संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मतह्व इस अवसर पर सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बना।इस कार्यक्रम में डा0 अरिन्दम चक्रवती, डा0 विकाश कुमार, डा नन्दनी राधव, डा0 अंकित कुमार तिवारी, डा0 संदीप कुमार एवं महाविद्यालय में कार्यरत सीनियर रेजीडेण्ट, जूनियर रेजीडेण्ट एवं कमर्चारी व एम0बी0बी0एस0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अधिशाषी अधिकारी ने अंबेडकर नगर का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने वार्ड नम्बर 2 अंबेडकर नगर का औचक निरीक्षण किया इस दौरान वार्ड वासियों ने सफाई व्यवस्था की पोल खोलते हुए नियमित साफ सफाई चोक हुई नालियों से बहने वाले पानी से हुई गंदगी की शिकायत की,अधिशाषी अधिकारी ने मौके पर ही सफाई कमर्चारियों को बुलाकर नालियों की सफाई करवाई,सफाई कर्मियों को फटकार लगाते हुए नियमित साफ साफ का निर्देश दिया नालियों के चोक होने पर सफाई नायक की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की है ।वार्ड में स्थित धोबीघाट तालाब का निरीक्षण करते हुए उसके सीमा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण कारियों को चेतावनी देते हुए कहा अपने अपने अतिक्रमण हटा लें अन्यथा नोटिस देकर वैधानिक कारर्वाई की जाएगी ।इस दौरान वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के तमाम जिम्मेदार कमी मौजूद रहे हैं।

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज पहुंची सचल विज्ञान प्रदशनी की बस




**कौशांबी** समाज के विकास के लिए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित कर उज्जवल भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने के उद्देश्य से डीएम कौशाम्बी डॉ. अमित पाल के द्वारा कलेक्ट्रेट मंझनपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई सचल विज्ञान प्रदशनी बस का धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार व डी डी कॉन्वेंट स्कूल के छात्र छात्राओं ने अवलोकन कर नवाचार सीखा; जिसमें विज्ञान के 20 स्वचालित व हस्तचालित मॉडल जैसे डायनमों से विद्युत उत्पादन, ऊर्जा का रूपांतरण, मानव में रसायन से विद्युत का उत्पादन, नाभिकीय संलयन, नाभिकीय विखंडन जैसे कई रोचक विज्ञान मॉडल विद्यालय के विद्यार्थियों को देखने को मिला,मॉडल को समझाते हुए प्रदशनी बस के प्रशिक्षक संजय सिंह ने मॉडल सम्बन्धित जानकारी बच्चों को दी।जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक वसीम अहमद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण परिवेश के बच्चों के अन्दर जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए अत्यन्त प्रभावी पहल है। वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित व्याख्यान के साथ साथ वैज्ञानिक लघु फिल्में भी दिखाई जायेंगी।विद्यालय के बच्चों को सचल मॉडल को सरल भाषा में समझाने के लिए शिक्षक बलवंत कुमार व धनवंतरी कुमार ने अपनी सहभागिता दर्ज की।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने विज्ञान के ज्ञान व महत्व की जानकारी देते हुए कहा "विज्ञान की सहायता से प्रकृति के रहस्य को आसानी से समझा जा सकता है।

### कोखराज थाना से दो एसआई को मिली पुलिस चौकी की कमान



**कोखराज कौशाम्बी** जिले के पुलिस थाना पुलिस चौकियों में पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने में स्थानांतरण आदेश जारी किया है इसी स्थानांतरण आदेश में कोखराज थाना से दो एस आई को मिली पुलिस चौकी की कमान मिली है उप निरीक्षक अनुराग सिंह को अझुआ पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है व उप निरीक्षक कालिका सिंह को मूरतगंज पुलिस चौकी की कमान मिली है अजय सिंह को सैनी थाना में भेजा गया एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने दोनों चौकी प्रभारी को माला पहनाकर उन्हें नई जिम्मेदारी की बधाई दिया समस्त स्टाप ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर उनके कायी की सराहना किया इस विदाई समारोह में चौकी प्रभारी भरवारी जितेंद्र सिंह,एसएसआई सन्तोष कुमार,संदीप कुमार,अंकित,आदि गणमान्य लोगों ने बधाई दिया

### शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद ने प्रतिभावान सम्मान समारोह का किया आयोजन



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के इसीकापूरा में सोमवार को शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद ने शीत-सहायता एवं प्रतिभावान सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया ।जल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के प्रणेता जलपुरुष रणविजय निषाद ने इन दिनों कड़ाके की पड़ रही ठंड से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र के अनेक गांवों में शिविर लगाकर, घर-घर जाकर गरीब, निराश्रित, विधवाओं और असहाय लोगों को गर्म कंबल वितरण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने इसीकापूरा में लगभग 450 कंबल का वितरण कर मानवता की मिशाल पेश किया साथ ही गंगा प्रसाद साहू इंटर कॉलेज देवीगंज के छात्र को सम्मानित किया गया यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2023-24 में96.6% अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में सातवां स्थान तथा जनपद के टॉपर छात्र शुभम साहू तथा उद्योग एवं लघु उद्यमिता विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित होने वाली छात्रा लक्ष्मी साहू को प्रस्तुति पत्र अंग वस्त्र तथा 11- 11 सो रुपए की चेक प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सिराथू भैया सन्तोष सिंह ने कहा कि इन बच्चों से अन्य बच्चों को प्रेरणा लेकर अपने घर, गांव और क्षेत्र का नाम रौशन करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित गंगा प्रसाद साहू इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश साहू, प्रधानाध्यापक शैलेश गुप्ता,राजू गौतम,धर्मराज निषाद, अशोक सरोज, प्यारे मियां, राजेश साहू आदि लोग उपस्थित रहे

### कोचिंग गए दो छात्र हुए लापता, परिवारी जन परेशान

**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के दो छात्र 10 जनवरी को सुबह करीब 11:00 बजे कोचिंग पढ़ने को कह कर घर से साइकिल से निकले थे लेकिन दोनों छात्र वापस घर नही लौटे हैं जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं दोनों छात्रों के गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है बताया जाता है कि हेमंत सिंह पुत्र नवनीत सिंह निवासी आलम चंद उम्र 15 वर्ष वा नीरज कुशवाहा पुत्र प्रवीण सिंह उम्र 15 वर्ष दोनों एसपी मौर्य विद्यालय हररायपुर में कक्षा 8 के छात्र है दोनों रिश्तेदार होने के साथ-साथ दोस्त हैं और साथ-साथ पढ़ते हैं 10 जनवरी को कोचिंग जाने के बाद दोनों वापस नही लौटे हैं जिससे परिवार के लोग परेशान हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है

### यक्ष एप के संबंध में गोष्ठी आयोजित

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के समस्त थानों के सीसीटीएनएस प्रभारी एवं संबंधित कर्मियों के साथ यक्ष एप के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यक्ष एप के प्रभावी उपयोग, डाटा की शुद्धता, समयबद्ध प्रविष्टि, तकनीकी त्रुटियों से बचाव तथा एप के माध्यम से कार्य प्रणाली को अधिक पारदशी एवं सुदृढ़ बनाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी सीसीटीएनएस प्रभारियों को निर्देशित किया कि यक्ष एप पर समस्त प्रविष्टियां अद्यतन, सही एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर की जाएं, जिससे पुलिस कार्य प्रणाली में दक्षता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 12.01.2026 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

## सम्पादकीय

### देश के लिए फायदेमंद है चाइल्ड केयर में निवेश करना

**एकीकृत** बाल विकास योजना (आईसीडीएस) की पालना योजना के तहत परिकल्पित राज्य प्रायोजित डे-केयर सेंटर में बड़ी संभावनाएं हैं लेकिन वे वर्तमान में महत्वाकांक्षा न होने और कम बजटीय आवंटन से विवश होने से ग्रस्त हैं। मजबूत परिवारों को मजबूत सहायक संरचनाओं की आवश्यकता होगी। समाज और राज्य की जिम्मेदारी है कि वे इन्हें सम्मान के साथ प्रदान करें।

न्यूयार्क में मेयर का चुनाव जीतने वाले जोहरान ममदानी की जीत का एक बड़ा कारण शहर के सभी बच्चों के लिए राज्य प्रायोजित चाइल्ड केयर की गारंटी देना था। लोक कल्याण पर खर्च न करने की नीति रखने वाले, विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के समय और अमेरिका में दूर-दक्षिणपंथ की नई और यहां तक कि अंधी दिशा में जा रहे देश में यह एक साहसिक वादा था। ममदानी की जीत इंगित करती है कि अमेरिकी मतदाता साहसिक विचारों के साथ काम करते हुए समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं। भारत के संदर्भ में बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक बड़ी चुनौती को देखते हुए इस विषय पर गंभीर चर्चा हो सकती है कि कैसे और क्यों बच्चों पर केंद्रित जमीनी स्तर के विकास का एजेंडा विभिन्न दलों के राजनीतिक एजेंडे में वरीयता प्राप्त कर सकता है। बच्चों को हर जगह एक सुरक्षित, सहायक व पोषण करने वाले वातावरण की आवश्यकता होती है। आधुनिक दुनिया और इसकी अर्थव्यवस्था ने सामाजिक-आर्थिक स्तर पर बच्चों की देखभाल करने के लिए परिवारों की क्षमता को सीमित कर दिया है। छोटे परिवार के आकार, माता-पिता दोनों को घर से बाहर काम करने की आवश्यकता, लंबे समय तक काम के घंटे, लोगों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत; इन सभी मुद्दों ने अपने बच्चों की देखभाल करने की परिवारों की क्षमता को कम कर दिया है।

हालांकि अमीर परिवार निजी चाइल्ड केयर का खर्च उठा सकते हैं और उनके बच्चे घर पर या संस्थानों में बढ़ते रहते हैं, परन्तु गरीब परिवारों में बच्चे समुचित चाइल्ड केयर के बिना बढ़ते हैं जो अक्सर उनकी वृद्धि, विकास और भावनात्मक क्षमता को अत्यंत सीमित कर देते हैं। आमतौर पर किसी भी देखभाल करने वाले की अनुपस्थिति में उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य से भी समझौता किया जाता है।

यह देखा गया है कि ग्रामीण भारत, विशेष रूप से ग्रामीण राजस्थान के कई हिस्सों में पुरुष श्रम-रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं जबकि महिलाएं और बच्चे अक्सर पीछे रह जाते हैं। महिलाएं जलाऊ लकड़ी इक्ा करने, पानी लाने, खेतों में काम करने और बुजुर्गों की देखभाल करने का काम करती हैं। उनके पास खुद की या अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए समय नहीं होता। अधिकतर ऐसा होता है कि छोटे बच्चे खुद अपनी देखभाल करते हैं या उनका कोई बड़ा भाई-बहन उनकी देखभाल करता है जो अक्सर खुद ही एक छोटा बच्चा होता है। कभी-कभी दादा-दादी को बच्चों की देख-भाल करने का जिम्मा दिया जाता है पर ज्यादातर मामलों में वे स्वयं अपनी शारीरिक स्थितियों के कारण असमर्थ होते हैं।

# प्रवासी भारतीय दिवस : गांधीजी की विरासत से वैश्विक भारत तक

**अरुण कुमार डनायक**

**भारत** पिछले कई वर्षों से विश्व में सर्वाधिक रेमिटेंस प्राप्त करने वाला देश है। प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया रेमिटेंस न केवल विदेशी मुद्रा भंडार को सुदृढ़ करता है, बल्कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्टार्टअप सहित छोटे व्यवसायों को भी आधार देता है। जून 2025 तक भारतीय बैंकों में एनआरआई जमा राशियां लगभग 3.6 बिलियन डॉलर रहीं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में रेमिटेंस बढ़कर 135.46 बिलियन डॉलर पहुंच गया।

इतिहास की कुछ तिथियां केवल अतीत की स्मृति नहीं, भविष्य की दिशा भी तय करती हैं। 9 जनवरी ऐसी ही एक तिथि है, जब 1915 में महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा मिली। राजनीतिक निराशा के दौर में उन्होंने देश का भ्रमण कर भारत की आत्मा को समझा और व्यापक जन-आंदोलन की नींव रखी। इसी ऐतिहासिक वापसी की स्मृति में 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है—जो गांधीजी की विरासत और विदेशों में बसे भारतीयों के योगदान दोनों का सम्मान करता है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय वाला देश है। 1990 में जहां प्रवासी भारतीयों की संख्या लगभग 66 लाख थी, आज विश्व भर में लगभग 3.5 करोड़ भारतीय रहते हैं, जिनमें करीब 1.6 करोड़ अप्रवासी भारतीय और लगभग 1.95 करोड़ विदेशी नागरिकता प्राप्त भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, अमेरिका में 55 लाख, संयुक्त अरब अमीरात में 36 लाख और मलेशिया में 28 लाख भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं। इसके अलावा अन्य देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हुए हैं। खाड़ी देशों में कुल प्रवासी भारतीयों का लगभग आधा हिस्सा निवास करता है। यूरोप और खाड़ी देशों में भारतीय कुशल एवं अर्ध-कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग के चलते श्रमिकों की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही अब केवल आर्थिक विषय नहीं रह गई है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। आज भारत कई देशों के साथ द्विपक्षीय समझौतों में कौशल-आधारित श्रम सहयोग, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित आव्रजन को केंद्रीय विषय के रूप में आगे बढ़ा रहा है।

भारत पिछले कई वर्षों से विश्व में सर्वाधिक रेमिटेंस प्राप्त करने वाला देश है। प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया रेमिटेंस न केवल विदेशी मुद्रा भंडार को सुदृढ़ करता है, बल्कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्टार्टअप सहित छोटे व्यवसायों को भी आधार देता है। जून 2025 तक भारतीय बैंकों में एनआरआई जमा राशियां लगभग 3.6 बिलियन डॉलर रहीं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में रेमिटेंस बढ़कर 135.46 बिलियन डॉलर पहुंच गया—पिछले वर्ष से करीब 14 प्रतिशत अधिक, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रवासी भारतीयों के भरोसे और निरंतर योगदान को दशार्ता है।

प्रवासी भारतीयों ने विज्ञान और शिक्षा में वैश्विक नवाचार को बढ़ावा दिया—जैसे कल्पना चावला, सत्य नडेला और सुंदर पिचाई; राजनीति में ऋषि सुनक, अनिरुद्ध जगन्नाथ, महिला प्रवासियों ने व्यापार और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया—जैसे इंदिरा नूयी, और मीरा नायर; वहीं रविशंकर, जुबिन मेहता जैसे कलाकारों ने सांस्कृतिक उपलब्धियों के माध्यम से भारत की वैश्विक छवि को सशक्त किया।




संकट की घड़ियों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी स्पष्ट होती है—कोविड-19 के दौरान रेमिटेंस जीवनरेखा बना रहा, जबकि 2018 की केरल बाढ़ में खाड़ी देशों से व्यापक आर्थिक और राहत सहायता पहुंची। राष्ट्रीय स्वाभिमान के संकट में भी प्रवासी भारतीय भारत के साथ मजबूती से खड़े रहे। इसका सशक्त उदाहरण मई 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण हैं, जब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने अपनी परमाणु क्षमता का सार्वजनिक प्रदर्शन किया।

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के प्रशासन ने ग्लेन संशोधन के तहत अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगाए। इस चुनौतीपूर्ण समय में वाजपेयी के आह्वान पर एनआरआई समुदाय ने रेमिटेंस बढ़ाया इससे विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिरता मिली और प्रतिबंध काफी हद तक निष्प्रभावी हुए। यह सहयोग आर्थिक ही नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और आत्मसम्मान के प्रति प्रवासी भारतीयों की गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था।

भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने प्रवासी भारतीयों को विकास-यात्रा से जोड़ने के लिए कई पहलें की हैं। ओसीआई कार्ड ने वीजा-मुक्त यात्रा, संपत्ति स्वामित्व और व्यापारिक भागीदारी को आसान बनाया है, जबकि एनआरई/एनआरओ खाते और एफसीएनआर जमाएं सुरक्षित निवेश व कर रियायतें देती हैं। डिजिटल भारत के तहत यूपीआई के अंतरराष्ट्रीय विस्तार से विदेशी मोबाइल नंबरों के माध्यम से भी भारत में भुगतान और लेन-देन संभव हुआ है। इसके अतिरिक्त, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों को सरल बनाकर निवेश, व्यापार और रेमिटेंस से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान किया गया है। कर नियमों के अनुसार एनआरआई की वही आय भारत में कर योग्य मानी जाती है जो भारत में स्थित संपत्ति, व्यापार, सेवाओं या आय-स्रोत से उत्पन्न हो—जैसे संपत्ति के हस्तांतरण से पूंजीगत लाभ, भारत में दी गई सेवाओं का वेतन, भारतीय कंपनियों से लाभांश, ब्याज तथा भारत से जुड़ी रॉयल्टी या तकनीकी सेवा शुल्क। साथ ही, दोहरी कराधान से बचाव समझौतों के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करती है कि एक ही आय पर भारत और विदेश—दोनों जगह कर न देना पड़े, जिससे प्रवासी भारतीयों को कर-राहत मिलती है। संकट की घड़ी में हेल्पलाइन, पासपोर्ट सेवाएं और कांसुलर सहायता यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रवासी विदेश में भी देश का संरक्षण और सहयोग पा सकें।

प्रवासी भारतीय चाहते हैं कि निवेश प्रक्रियाएं सरल और पारदर्शी हों, दोहरी नागरिकता पर व्यापक संवाद हो, और संपत्ति, कर व उत्तराधिकार कानून स्पष्ट हों, ताकि वे दीर्घकालीन योजना बना सकें। साथ ही, वे अपने बच्चों को शिक्षा, संस्कृति और भाषा के माध्यम से भारत से जुड़े रहने के पर्याप्त अवसर चाहते हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों और पहचान के साथ दृढ़ता से जुड़ी रहें। ट्रम्प प्रशासन द्वारा लागू उच्च टैरिफ और पेशेवर भारतीयों से जुड़े वीजा निर्णय वहां बसे भारतीयों के लिए चिंता का विषय हैं, जिससे रोजगार और आय पर दबाव पड़ा और भारत से आयातित वस्तुएं महंगी हुई हैं; इस संदर्भ में वे भारत सरकार से प्रभावी कूटनीतिक हस्तक्षेप की अपेक्षा रखते हैं।

प्रवासी भारतीय दिवस केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य का संकल्प है। कभी जिन्हें ब्रेन ड्रेन का प्रतीक माना गया, वही प्रवासी आज ब्रेन गेन और इनकम गेन के रूप में ज्ञान, तकनीक, निवेश और वैश्विक नेटवर्क के माध्यम से भारत की सामर्थ्य बन चुके हैं। उनकी उद्यमिता और नवाचार आर्थिक शक्ति को सुदृढ़ करते हैं, जबकि संस्कृति, भाषा और मूल्यों का प्रसार भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर मजबूत करता है। भौगोलिक दूरी के बावजूद उनकी जड़ें भारत में हैं, और उनकी बौद्धिक व आर्थिक भागीदारी भारत को उभरती शक्ति से आगे बढ़ाकर वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाती है।

प्रवासी भारतीय दिवस हमें याद दिलाता है कि जहां भी भारतीय हैं, वहां भारत जीवित है—आर्थिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय मूल्यों के साथ।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत : अभिमन्यु मांगलिक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। गोपीगंज** में स्थित संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ बनाई गई। जहां पर छात्र-छात्राओं ने अपने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भदोही जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक रहे।

भदोही पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत और आदर्शों पर चलकर देश की



एकता अखंडता को मजबूत करें और अपने प्रतिभा से देश का नाम रोशन करें। कहा कि स्वामी विवेकानंद के चरित्र से हमें सीख लेनी चाहिए, वे अपने प्रवचनों



में चरित्र को आदमी का अनमोल धन बताया है। इसलिए युवाओं को आपने चरित्र के निर्माण में हमेशा ध्यान देना चाहिए। कहा कि भौतिक सुख सुविधा आज नहीं है कल मिल जाएगी लेकिन चरित्र गिर जाने से जीवन भर उसकी पूर्ति नहीं होती।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति, सामाजिक और आध्यत्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। छात्राओं के कार्यक्रम ने मौजूद लोगो का मन मोह लिया। अतिथियों ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में में गायत्री परिवार के तरफ से आये नरेंद्र मिश्रा ने भजन प्रस्तुत किया और हवन का भी आयोजन हुआ जहां सभी लोग शामिल हुए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने लोगो से युवाओं और आगे आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और चरित्रवान बनाने का आह्वान किया। कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संकल्प ले कि भारत और भारतीयता पर जरूरत पड़ी तो सब कुछ न्योछावर किया जा सकता है। बालको को कुसंस्कारों से बचने की भी अपील की। इस मौके पर राधेश्याम उपाध्याय, आद्या प्रसाद तिवारी, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, विभूति नारायण सिंह, विनय पाण्डेय, माता प्रसाद चौबे, अंकित तिवारी, सदाचरण पाल, विनोद मिश्रा, भोला बिन्द, मनीष गुप्ता समेत भारी संख्या में छात्र-छात्राएँ और लोग मौजूद रहे।

# 07 जनवरी से 20 फरवरी तक संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु सीडीओ ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही 12 जनवरी 2026 भारत** के संविधान के अनुच्छेद 243 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में जनपद भदोही में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के अंतर्गत संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही कराई जा रही है। उक्त क्रम में 07 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के संबंध में आज मुख्य विकास अधिकारी बाल



गोविंद शुक्ल द्वारा जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ जूम माध्यम से बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या विकास खंडवार इस प्रकार है— अभोलीझ 42,841,औराई झ 85,801,ज्ञानपुर झ 67,457,डीघ झ 73,052,भदोही झ 73,086, सुरियावां झ 49,395 इस प्रकार जनपद भदोही में कुल 3,91,632 संभावित डुप्लीकेट मतदाता चिन्हित किए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करें, पात्र एवं अपात्र मतदाताओं की सही पहचान सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, ताकि निर्वाचक नामावली शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके।

# मातृत्व की पीड़ा पर भारी प्रशासनिक उदासीनता, महीनों से अधर में लटका मातृ अनुदान

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के अधिकांशतः क्षेत्रों में उन माताओं के लिए मातृत्व का सुख आज चिंता और पीड़ा में बदलता नजर आ रहा है, जिनका प्रसव जनपद चिकित्सालय अथवा स्थानीय सरकारी चिकित्सालय में हुआ था। शासन द्वारा गर्भवती एवं नवप्रसूता महिलाओं को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से संचालित मातृ अनुदान योजना की धनराशि आज तक कई लाभार्थी माताओं को प्राप्त नहीं हो सकी है। परिणामस्वरूप, यह अनुदान महीनों से प्रशासनिक फाइलों में ही उलझकर अधर में लटका हुआ है। गरीब एवं मध्यम वर्ग की इन माताओं के लिए यह अनुदान केवल एक सरकारी सहायता नहीं, बल्कि नवजात शिशु के पालन-पोषण, पोषण आहार, दवाइयों एवं अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने का महत्वपूर्ण सहारा है। लेकिन दुर्भाग्यवश, मातृ अनुदान के भुगतान में हो रही देरी ने इन परिवारों की आर्थिक परेशानियों को और बढ़ा दिया है। कई माताएं ऐसी हैं, जिन्हें प्रसव के बाद स्वयं के उपचार और बच्चे की देखभाल के लिए कर्ज तक लेना पड़ रहा है। इस विषय में जब स्थानीय चिकित्सालय एवं जनपद चिकित्सालय के अधिकारियों से बातचीत की गई, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि मातृ अनुदान से संबंधित सभी आवश्यक कागजात कई बार उच्च स्तर पर भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद भुगतान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की मंशा को भी प्रभावित करती है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व और आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, वही योजनाएं कागजी प्रक्रियाओं और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर महिला पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रेरक गोष्ठी आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । युवा** कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजीपुर के तत्वावधान में महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अनिता कुमारी प्राचार्य महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर, वरिष्ठ प्रोफेसर, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चंद्रकांत यादव, अखिलेश यादव, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी रामनाथ केसवरवानी, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्य कार्यक्रम अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे। गोष्ठी का आरंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा




स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर के किया गया। मुख्य अतिथि एवम अन्य अतिथियों द्वारा पीजी कॉलेज की बच्चियों एवम अन्य को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई तथा विवेकानंद जी के विचारों को अपने अंदर आत्मसात करने को प्रेरित किया गया।

मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई। अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुश्री आंचल सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# ज्ञानपुर में विकास की नई पहल, 800 करोड़ का रिपोर्ट कार्ड पेश, विपुल दुबे विधायक ज्ञानपुर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । ज्ञानपुर** विधानसभा क्षेत्र में बीते चार वर्षों के दौरान करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, न्यायिक एवं पर्यटन से जुड़े ऐतिहासिक विकास कार्य कराए गए हैं। यह जानकारी विधायक विपुल दुबे ने मिल्की आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में देते हुए चार वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा।

विधायक विपुल दुबे ने कहा कि चार वर्ष पूर्व जनता ने जो विश्वास जताया था, उस पर खरा उतरने का उन्होंने ईमानदार प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा कार्यकाल का अभी एक वर्ष शेष है और इस अवधि में क्षेत्र की शेष मूलभूत समस्याओं के समाधान पर विशेष फोकस किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता रही, जिसके चलते ज्ञानपुर विधानसभा में किसी भी क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहने दी गई। जनता के सामने प्रस्तुत यह रिपोर्ट कार्ड उनके विश्वास और सहयोग का परिणाम है।

स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्थागत विकास के तहत जिला अस्पताल, पॉलिटेक्निक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला न्यायालय भवन, संस्कृत महाविद्यालय, स्टेडियम तथा पर्यटन से जुड़े कार्यों को गति मिली। वहीं सड़क और संपर्क मार्गों के विकास से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत हुई। इसके अलावा रामपुर (बिहरोजपुर) घाट



और धनतुलसीझडेंगुरपुर घाट पर पक्के पुल जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स से आवागमन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। विधायक ने कहा कि इन परियोजनाओं से ज्ञानपुर विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, सड़क सुविधा और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है और आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज की जाएगी।

# 25.11 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना को जिला पंचायत ने सर्वसम्मति से दी स्वीकृति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बार्द सर्वसम्मति से कई प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिला पंचायत की बीती 21 नवम्बर 2025 को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी सर्वसम्मति से की गई।

बैठक में षष्टम राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शासन से प्राप्त होने वाले अनुमानित अनुदान के सापेक्ष 911 लाख रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई। जिला निधि पर भारित व्यय के अतिरिक्त उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष 700 लाख रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शासन से प्राप्त होने वाले अनुदान के सापेक्ष भी 900 लाख रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। जिला पंचायत की प्रचलित खनिज परिवहन शुल्क वसूली उपविधि 2013 एवं संशोधित उपविधि 2023 के अंतर्गत निर्धारित वर्तमान दरों में 15 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए नई दरें लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार ह्लमानक खनिज परिवहन शुल्क उपविधि (2025)ह्व के आधार पर तैयार की गई जिला पंचायत की ह्लखनिज परिवहन शुल्क उपविधि (2026)ह्व के प्रारूप को भी सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों के अतिरिक्त शासन स्तर, जिला स्तर, आईजीआरएस, तहसील दिवस, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जनसामान्य से प्राप्त मांगों के आधार पर विकास कार्य कराए जाने के प्रस्ताव पर आम सहमति नहीं बन सकी, जिसके चलते इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अस्वीकृत कर दिया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार, कार्य अधिकारी सुनील कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी इन्द्रपाल, वित्तीय परामर्शदाता नरेन्द्र कुमार, अभियन्ता राजेश कुमार, कर अधिकारी सतीष कुमार सैनी, अपर अभियन्ता विश्वजीत यादव, कम्प्यूटर आपरेटर नागेश कुमार द्विवेदी, लेखाकार अजय कुमार अवस्थी, राकेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य अनिल, विनीत कुमार द्विवेदी, राजाराम पाल, अर्जुन प्रसाद शुक्ल, उमाकान्त त्रिपाठी, राजरानी, प्रेमचन्द्र वर्मा दशरथ प्रसाद प्रजापति, जगदीश यादव, शिवऔतार त्रिपाठी, प्रेमा सिंह, सीता देवी, मीरा भारती, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी, मानिकपुर अरविन्द कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# होम स्टे के पंजीकरण सम्बन्धी मामलों को न रखें लंबित : जिलाधिकारी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी. एंड बी.) एवं होम स्टे नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन, पंजीकरण प्रक्रिया तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित होम स्टे, बी. एंड बी. तथा रूरल होम स्टे इकाईयों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही पंजीकरण से संबंधित लंबित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाए। डीएम ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से चित्रकूट एक महत्वपूर्ण जनपद है। जहां देशी एवं विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए होम स्टे एवं बी. एंड बी. इकाइयों का नियमानुसार संचालन आवश्यक है। उन्होंने संयुक्त निरीक्षण (जॉइंट इंस्पेक्शन) की व्यवस्था को प्रभावी बनाने, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन उपकरणों तथा सीसीटीवी जैसी आवश्यक सुविधाओं के अनुपालन पर भी विशेष बल दिया। बताया कि भारत सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पर्यटन क्षेत्र में निवेश, रोजगार सृजन तथा स्थानीय लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है। जिसमें होम स्टे एवं बी. एंड बी. इकाईयां ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। डीएम ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मऊ एसडीएम ने दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन द्वारा सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर के 28 नवनियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ए.ई.आर.ओ.) को प्रशिक्षण दिया गया।

एसडीएम ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य उन मतदाताओं से संबंधित नोटिसों का निस्तारण करना है, जिन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के दौरान गणना पत्रक भरते समय मैपिंग के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। बताया कि ऐसे सभी मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। बताया कि संबंधित मतदाता अपने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों में से आधार के अतिरिक्त कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नामांकन सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर सुनवाई के बाद सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदाता के दावे संबंधी प्रकरण का निस्तारण करेंगे। इसके अतिरिक्त ऐसे मतदाता जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं है तथा हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवक-युवतियों को फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि यह प्रक्रिया नए व छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने के लिए निरंतर जारी है। बताया कि मतदाताओं के फोटोग्राफ संबंधी अशुद्धियों को ठीक करने के लिए अब फॉर्म आठ भरने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ ऐप में सीधे मतदाताओं की फोटो खींचकर अपलोड करने का प्रावधान किया है, जिससे फोटो संबंधी त्रुटियों को दूर किया जाएगा। प्रशिक्षण में तहसीलदार मऊ राम सुधार, नायब तहसीलदार पारुल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलचिहा गांव के गरीब परिवारों के बीच बांटे गए कंबल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बरगढ़ पाठा क्षेत्र के कलचिहा ग्राम पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी स्व. एस.सी. गर्ग के संकल्प के साथ गरीबों की सेवा की अनवरत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 200 गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बुंदेली मानव सेवा ट्रस्ट के संचालक अशोक मौर्य, समाजसेवी आकाश द्विवेदी तथा सत्यभान पांडेय गांव के जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से बचाव का संबल दिया। कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा करना युवाओं का परम कर्तव्य है। समाज के कमजोर वर्ग की मदद से ही एक संवेदनशील और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और राहत की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सेवा भावना से गरीबों को कठिन सर्दी के मौसम में बड़ी सहायता मिलती है।

## दिवंगत पुलिस निरीक्षक के आश्रितों को मिली आर्थिक सहायता

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने सोमवार को स्व. निरीक्षक परितोष दीक्षित के परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। एएसपी ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बेड़ी पुलिया, अमानपुर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक उमेश कुशवाहा की उपस्थिति में स्व. निरीक्षक की पत्नी सुशीला दीक्षित और पुत्र अंकुर दीक्षित को यह चेक सौंपा। बताया कि स्व. निरीक्षक परितोष दीक्षित पुलिस अधीक्षक कार्यालय चित्रकूट में तैनात थे और बीमारी के दौरान उपचार के समय उनका असामयिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत उनके परिजनों को यह राशि उपलब्ध कराई गई है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि यह लाभ जीवन बीमा से अलग पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस के अंतर्गत दिया जाता है, जो पुलिसकर्मियों के वेतन खाते से जुड़ा रहता है। इस सहायता से दिवंगत पुलिसकर्मी के परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा।

# 'स्वामी विवेकानंद जयंती' राष्ट्रीय युवा दिवस पर परिषद ने विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य सामग्री

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** महान विचारक और युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास और प्रेरणादायी वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा संगठनों तथा सामाजिक संस्थाओं द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले की विभिन्न नगर इकाइयों में प्रेरणादायी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मानिकपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत प्रवासी के रूप में प्रांत सह मंत्री मयंक पासवान ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पहाड़ी नगर में आयोजित संगोष्ठी एवं मिठाई वितरण का कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवम चतुर्वेदी ने युवाओं को चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। शिवरामपुर नगर इकाई में आयोजित संगोष्ठी में नगर मंत्री पवन गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। राजापुर नगर इकाई में जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण कर तहसील संयोजक प्रशांत त्रिपाठी व वरिष्ठ संघ कार्यकर्ता दिनेश चन्द्र तिवारी ने शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। सीतापुर सिथत पोद्दार इण्टर कॉलिज में संगोष्ठी आयोजित कर नगर अध्यक्ष डॉ संध्या पांडेय ने युवाओं को लक्ष्यबद्ध जीवन जीने एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। अभाविप द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा और नेतृत्व का भाव जागृत करने का प्रयास किया गया।

इसी प्रकार राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। साथ ही किशोरों के सर्वांगीण विकास के लिए संवाद सत्र, योग एवं ध्यान अभ्यास आयोजित किए गए ताकि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का विकास हो सके। सीडीओ और डीपीओ ने संस्थान का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आवासीय व्यवस्था, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा एवं सुधारात्मक गतिविधियों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर संस्थान के अधीक्षक वीर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अगर तुम्हे युद्ध चाहिए तो युद्ध मिलेगा...

# अमेरिका को 'हाइड्रोजन बम' से उड़ा देगा ये देश!

**ब्रिटेन**

**चीन** ने युद्ध में हाइड्रोजन बम के इस्तेमाल की धमकी दे डाली है। ट्रंप को हाइड्रोजन बम से हराने की धमकी बीजिंग के बड़े थिंक टैंक की तरफ से आई है। बीजिंग थिंक टैंक के वीपी ने हाइड्रोजन बम की धमकी दी है। चीन पहले भी दावा कर चुका है कि उसके पास परमाणु बम से 10 गुना शक्तिशाली हाइड्रोजन बम है। इसका परीक्षण 1960 के दशक में ही किया जा चुका था। हाइड्रोजन बम के बारे में पहली जानकारी 1950 के दशक में आई थी। जैसे अमेरिका ने परमाणु बम का इस्तेमाल कर जापान को घुटने टेकने पर मजबूर किया था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद रूस और चीन जैसे देशों ने परमाणु बम से ताकतवर विकल्पों की तलाश शुरू कर दी है। 1952 अमेरिका ने पहली बार हाइड्रोजन बम का परीक्षण प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल आइलैंड के एनएवीटेक



एटोल पर किया। 1953 सोवियत संघ ने मध्य साइबेरिया में हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया।

1957 ब्रिटेन ने हाइड्रोजन बम का अपना पहला परीक्षण प्रशांत महासागर के क्रिसमस आसलैंड पर किया। 1967 चीन ने हाइड्रोजन बम का अपना पहला परीक्षण शिंजियांग क्षेत्र के मलान में किया। 1968 फ्रांस ने थर्मोनक्लियर बम का अपना पहला परीक्षण दक्षिणी प्रशांत महासागर में फैन गटाफा एटोल के ऊपर किया। आज की तारीख में उत्तर कोरिया को लेकर ट्रंप का शक जगजाहिर है कि उसने चीन या रूस की मदद से हाइड्रोजन बम तैयार कर लिया है। हालांकि जानकारों की राय में यह सिर्फ अमेरिकी प्रोपोगेंडा है।

लेकिन जिस चीन से ट्रंप को धमकी मिली है, उसके बारे में किसी को कोई संदेह नहीं। हाइड्रोजन बम को थर्मोनक्लियर बम भी कहा जाता है। यह परमाणु बम की तुलना में 10 गुना तक ज्यादा ताकतवर होता है। इसमें ड्यूटेरियम और ट्रिटियम जैसे तत्वों का इस्तेमाल होता है। यह दो चरण में काम करते हैं।

यह आकार में छोटे और ज्यादा विनाशक होते हैं। वैसे हाइड्रोजन बम तो अमेरिका के पास भी है। लेकिन जिस तरह ट्रंप युद्ध के लिए तैयार दिख रहे हैं। उन्हें हाइड्रोजन बम से होने वाले विनाश का खतरा बखूबी मालूम होगा।

**● 1957 ब्रिटेन ने हाइड्रोजन बम का अपना पहला परीक्षण प्रशांत महासागर के क्रिसमस आसलैंड पर किया। 1967 चीन ने हाइड्रोजन बम का अपना पहला परीक्षण शिंजियांग क्षेत्र के मलान में किया।**

## सत्ता परिवर्तन की लहर, खामेनेई के खिलाफ सड़कों पर जनसैलाब



**ईरान**

**ईरान** में पिछले कई वर्षों में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों की सबसे तीव्र लहर चल रही है, जो गहरे आर्थिक संकट के बीच सभी 31 प्रांतों में तेजी से फैल रही है। मुद्रा के गिरते मूल्य, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों और बेलगाम मुद्रास्फीति के कारण शुरू हुआ यह प्रदर्शन अब इस्लामी गणराज्य के खुले विरोध में तब्दील हो गया है, जिसमें प्रदर्शनकारी खुले तौर पर राजनीतिक परिवर्तन की मांग कर रहे हैं। इंटरनेट बंद होने, भारी सुरक्षा तैनाती और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रमुख शहरों की सड़कों पर भीड़ उमड़ रही है और देश के नेतृत्व के खिलाफ नारे लगा रही है। तनाव बढ़ने के साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तेहरान को कड़ी चेतावनी जारी की है।

## पाकिस्तान ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** और अमेरिका ने पंजाब के खारियां जिले के पब्बी शहर में आतंकवाद रोधी सैन्य अभ्यास शुरू किया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने इसकी जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका का 13वां द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास, इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026, शुक्रवार को शुरू हुआ। यह अभ्यास ह्यनेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर (एनसीटीसी) में किया जा रहा है।



एनसीटीसी पाकिस्तान के लिए चीन और अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ संयुक्त आतंकवाद रोधी अभ्यासों के लिए एक प्रमुख सुविधा केंद्र के रूप में काम करता है। आईएसपीआर ने कहा कि यह दो हफ्ते लंबा अभ्यास आतंकवाद रोधी क्षेत्र में किया जा रहा है।

## अमेरिका के ड्रामे पर भड़का भारत, ट्रंप के चमचे को तबीयत से धोया

**अमेरिका**

**भारत** और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी से ही एक द्विपेक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक समझौते पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है। अमेरिका लगातार भारत के साथ विवाद कर रहा है। पहले तो उसने टेरिफ लगाया। रशिया से दोस्ती उसके आंखों में गढ़ने लगी तो उसने और 25% टेरिफ लगा दिया। यह टैरिफ 50% हो गया। उसके बाद ट्रंप गाए बगाहे ऐसा बयान देते हैं जिससे भारत नाराज होता है। भारत की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने की कोशिश करते हैं। हाल में भी उन्होंने कहा कि भारत जो है वो उनसे मिलने के लिए प्लीज प्लीज कर रहा था। उनका यह भी दावा है कि भारत 68 अपाचे का आर्डर दे चुका है। 5 साल से नहीं मिल रहा था। जबकि वह आंकड़ा महज 28 अपाचे का है। तो यह तो इस तरह से माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब क्या हुआ है कि एक ऐसा बयान दिया गया है जिस पर भारत भड़का है। भारत भड़का है तो उसने अमेरिका को आईना दिखा दिया है।

दरअसल भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर जो विवाद उपजा है उसको लेकर भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से स्थिति स्पष्ट की गई है। भारत ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक के बयान को 'गलत' बता खारिज किया है। लुटनिक ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि दोनों देशों में ट्रेड डील पिछले साल इसलिए



नहीं हो सकी क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन नहीं किया। कहा था कि भारत-अमेरिका में ट्रेड डील पर बातचीत का निर्णय पिछले साल 13 फरवरी की बाइट हाउस में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की बैठक में लिया गया था। डील की तैयारी पूरी थी और उन्होंने (लटनिक) भारत से कहा था, आपको (पीएम मोदी) राष्ट्रपति को फोन करना होगा।' उनके अनुसार, भारत ऐसा करने में सहज नहीं था और पीएम मोदी ने फोन नहीं किया। इसके बाद अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम से डील कर ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में आठ मौकों पर फोन पर बात की थी, जिसमें संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई थी। जायसवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी को ही डील पर बातचीत के लिए प्रतिबद्धः थे। कई मौकों पर हम सौदे के काफी करीब थे।

## पाकिस्तान के पंजाब में आईईडी विस्फोट में लड़कियों के स्कूल की इमारत ढही

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में लड़कियों के एक स्कूल में हुए आईईडी विस्फोट से संस्थान की इमारत ढह गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्कूल में शीतकालीन अवकाश था जिसकी वजह से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

यह घटना लाहौर से लगभग 450 किलोमीटर दूर ताउंसा जिले में बृहस्पतिवार को हुई। पुलिस अधिकारी सादिक बलोच ने बताया कि यह धमाका कोह-ए-सुलेमान तहसील के बस्ती जूटर में स्थित एक सरकारी स्कूल की इमारत में हुआ, जिससे इमारत पूरी तरह से ढह गई।

यह क्षेत्र पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और



बलूचिस्तान की सीमाओं पर स्थित है जिसकी वजह से यह पाकिस्तान में सुरक्षा के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

अधिकारी बलोच ने बताया कि इस हमले के पीछे प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हाथ था। उन्होंने कहा कि 11 जनवरी तक छुट्टियां होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

पंजाब के शिक्षा मंत्री राणा सिकंदर हयात ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार स्कूल का पुनर्निर्माण कराएगी और एक महीने के भीतर कक्षाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आमतौर पर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाता है लेकिन पंजाब में ऐसी घटनाएं असामान्य हैं।

## बांग्लादेश में फिर हिंदू निशाने पर

## जॉय महापात्रो की हत्या के बाद बढ़ा खौफ, परिवार का दावा- सुनियोजित साजिश

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा जारी है और एक अन्य हिंदू युवक की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान जॉय महापात्रो के रूप में हुई है, जो सुनामगंज जिले के भंगादोहोर गांव का निवासी था। परिवार के मुताबिक, यह घटना गुरुवार को घटी। जॉय को एक स्थानीय दुकान पर बुलाया गया था, जहां एक स्थानीय व्यक्ति ने उस पर हमला किया। उसे सिलहट एमएजी उस्मानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि जॉय को अमीरुल इस्लाम नाम के एक व्यक्ति ने जहर दिया था। वे इसे 'सुनियोजित हत्या' बता रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

बांग्लादेश में भारत विरोधी कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद हिंदुओं पर हिंसा आम बात हो गई है। हादी 12



फरवरी को होने वाले संसदीय चुनावों में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे थे। सबसे पहले, मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 24 दिसंबर को राजबारी के अमृत मंडल को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला।

इसके बाद, मयमनसिंह में 42 वर्षीय बजेंद्र बिस्वास की उनके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी और शरियतपुर जिले में 50 वर्षीय खोकन दास को जलाकर राख कर दिया गया। 5 जनवरी को जेस्सोर जिले में पत्रकार राणा प्रताप बैरागी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक दिन बाद, नरसिंगदी जिले में 40 वर्षीय शरत मणि चक्रवर्ती की हत्या कर दी गई।

## डेमोक्रेट शासित राज्यों की बाल देखभाल सहायता फिलहाल नहीं रोक सकता ट्रंप प्रशासन



**अमेरिका**

**अमेरिका** के एक संघीय न्यायाधीश ने आदेश दिया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन बच्चों की देखभाल और जरूरतमंद बच्चों व उनके परिवार हेतु संचालित अन्य कार्यक्रमों के तहत डेमोक्रेट शासित पांच राज्यों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता फिलहाल नहीं रोक सकता।

कैलिफोर्निया, कोलोराडो, इलिनोइस, मिनेसोटा और न्यूयॉर्क की ओर से दलील दी गई कि मंगलवार को घोषित एक नीति के तहत तीन अनुदान कार्यक्रमों की निधि रोक दी गई है, जिससे इन राज्यों पर तत्काल असर पड़ा है और कार्यक्रमों के संचालन में भारी अव्यवस्था पैदा हो गई है।

शुक्रवार को अदालत में दायर दस्तावेजों और सुनवाई के दौरान इन राज्यों ने कहा कि सरकार के पास उन्हें निधि देने से रोकने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

इन पांच राज्यों का कहना है कि इन कार्यक्रमों के तहत उन्हें हर साल कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि मिलती है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो अभियानों में 11 आतंकवादी ढेर

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तानी** सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया शाखा ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेना ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर ये अभियान (आईबीओ) बृहस्पतिवार को अंजाम दिए गए, जिनमें फितना अल ख्वारिज से जुड़े आतंकवादी मारे गए। फितना अल ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान



(टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए किया जाता है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक अभियान चलाया, जहां भीषण गोलीबारी के बाद छह आतंकवादी मारे गए। इसके

## पहले गोली चलेगी, फिर होगी बात! इस देश ने ट्रंप को दी सीधी चेतावनी

**अमेरिका**

**अमेरिका** और डेनमार्क के बीच ग्रीनलैंड को लेकर तनाव इस कदर बढ़ गया कि डेनमार्क ने अपनी सेना को सीधा और खौफनाक आदेश दे दिया। अगर कोई घुसपैठ हुई तो कमांडर्स के आदेश का इंतजार मत करना। सीधे गोली चला देना। जी हां, डेनमार्क ने अमेरिका को साफ चेतावनी दे दी है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई भी कोशिश नेटो के खात्मे की शुरूआत होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय ने अपने रुख को शीशे की तरह साफ कर दिया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक डेनमार्क ने अपने उस 1952 के आदेश को फिर से जिंदा कर दिया है जो नाजी जर्मनी के हमले के वक्त बनाया गया था। यह आदेश कहता है कि अगर कोई विदेशी ताकत डेनिश इलाके को धमकी देती है तो सैनिकों को ऊपर से आदेश मिलने का इंतजार नहीं करना है बल्कि तुरंत जंग शुरू करनी है। डेनमार्क की जॉइंट आर्कटिक कमांड अब यह तय करेगी कि ग्रीनलैंड में अमेरिकी सेना की किस हलचल को हमला माना जाएगा और कब ट्रिगर दबाना है। अब एक सवाल कि आखिर यह विवाद शुरू कहां से हुआ। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नजरें लंबे समय से ग्रीनलैंड की रणनीतिक खनिज और उसकी लोकेशन पर टिकी है। ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह इस द्वीप पर जबरदस्ती कब्जा कर लेंगे। ट्रंप का तर्क है कि वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी अमेरिका की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। कल ही अमेरिका के



उपराष्ट्रपति जे डी वांस ने भी आग में घी डालते हुए कहा कि डेनमार्क आर्कटिक इलाके की सुरक्षा करने में फेल रहा है और दुनिया की रक्षा के लिए अमेरिका को वहां मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए कब्जा करना जरूरी है। डेनमार्क के प्रधानमंत्री ने अमेरिका को सख्त लहजे में कहा है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपने ही नेटो सहयोगी देश पर सैन्य हमला करता है तो सब कुछ रुक जाएगा। यानी नेटो जैसा संगठन पल भर में इतिहास बन जाएगा।

डेनमार्क का यह बयान बताता है कि यूरोप अब अमेरिका की दादागिरी के आगे घुटने नहीं टेकने वाला।

अब एक सवाल कि क्या ट्रंप ग्रीनलैंड के लिए वाकई एक युद्ध छेड़ेगी? और क्या डेनमार्क की छोटी सी सेना दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति को रोकने का दम रखती है? यह सवाल अब पूरी दुनिया को डरा रहा है। एक बात तय है अगर अटलांटिक की बर्फ पर पहली गोली चली तो उसका शोर वाशिंगटन ही नहीं पूरी दुनिया की शांति को तबाह कर देगा।